डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

वैक्सीनेशन महाअभियान

मध्यप्रदेश ने एक दिन में वैक्सीनेशन का बनाया रिकॉर्ड - मुख्यमंत्री

देश में सर्वाधिक 15 लाख टीके मध्यप्रदेश में लगाए गए

भोपाल, वैक्सीनेशन के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करना हमारा संकल्प है तथा इसे हम शीघ्र पूर्ण कर लेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चलाए जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत पहले दिन 21 जून को देश में सर्वाधिक 15 लाख टीके लगाए जाने का रिकॉर्ड मध्यप्रदेश ने बनाया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा जिला टीकाकरण अधिकारियों के साथ अभियान की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुये।

निरंतर चलेगा यह अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण अभियान जिन्दगी बचाने का अभियान है। इससे पवित्र कार्य दूसरा नहीं हो सकता। सभी व्यक्तियों का टीकाकरण हो जाने तक यह अभियान पूरी शक्ति और ऊर्जा के साथ चलाया जाएगा। इसके साथ ही बीच-बीच में विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे। आगामी 1, 2 एवं 3 जुलाई को टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। हम संपूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करेंगे।

अब टीकाकरण को लेकर कोई भ्रम नहीं

श्री चौहान ने कहा कि जिस प्रकार पूरे उत्साह के साथ प्रदेश के हर हिस्से में लोगों ने टीकाकरण करवाया है उससे यह स्पष्ट होता है कि अब टीकाकरण को लेकर जनता के मन में कोई भ्रम नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मैं स्वयं दतिया जिले के अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम परासरी तथा सीहोर जिले के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम सिराली भी गया। इन दोनों ही स्थानों पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ टीकाकरण करवाया'।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस अद्भुत एवं पुनीत कार्य के लिए प्रदेश के शासकीय अमले सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरू, पत्रकार, कलाकार, साहित्यकार, एडवोकेट, खिलाड़ी तथा सभी वर्ग के व्यक्ति जिन्होंने टीकाकरण अभियान में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष सहयोग किया है, बधाई के पात्र हैं। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं तथा आशा करता हूं कि आगे भी इसी उत्साह के साथ आप सब लोगों का जीवन बचाने के इस पवित्र कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग देते रहेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में टीकाकरण महाअभियान के प्रथम दिन 10 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मध्यप्रदेश की क्षमताओं को देखते हुए प्रदेश को 5 लाख अतिरिक्त डोज़ केंद्र सरकार द्वारा भिजवाए गए। इसके लिए 'मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं'।

सभी विद्यार्थी स्वयंसेवक बन जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य को जल्दी से जल्दी हासिल करने के लिए सभी विद्यार्थी स्वयंसेवक बन जाएं तथा पूरे उत्साह के साथ लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें तथा इस कार्य में उनकी मदद भी करें।

कोरोना के असर को नगण्य कर देंगे

श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण एवं कोविड अनुकूल व्यवहार दो ऐसे अस्त्र हैं, जिनके माध्यम से हम मध्यप्रदेश में तीसरी लहर के असर को नगण्य कर देंगे। हमारा यह प्रयास रहेगा कि पहले तो कोई संक्रमित हो ही नहीं, यदि संक्रमित होता है तो उसे अस्पताल न जाना पड़े, वह घर पर ही स्वस्थ हो जाए और यदि अस्पताल जाना भी पड़े तो शीघ्र ठीक हो जाए। दूसरी तरफ अस्पतालों में पूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे कि तुरंत मरीज स्वस्थ हो सकें।

कोविड-19

विशेष अनुग्रह योजना क्रियान्वयन के निर्देश जारी

भोपाल, कोविड-19 के संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों में राज्य की सेवा में कार्यरत कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना लागू की गई है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये यह निर्णय लिया गया है कि समस्त आवेदन एमपी सर्विस पर लिंक https://services.mp.gov.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही मान्य किए जाएंगे।

संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदनों के निराकरण और प्रगति की स्थिति भी ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्यतः दर्ज की जाएगी।

वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों, संभागायुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है संबंधित आवेदकों द्वारा इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जाने के उपरांत योजना के प्रावधानों के अनुरूप संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदन के निराकरण की स्थिति दर्ज किए जाने का प्रावधान है। पोर्टल में विभागीय लॉग-इन के लिये मैप आईटी द्वारा संबंधित विभागों/कार्यालयों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड पृथक से प्रदाय किये जाएंगे।

महू बन रहा है पूर्णतः स्मार्ट मीटर वाला पहला शहर

इन्दौर, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इन्दौर द्वारा रेडियो फ्रिक्वेंसी स्मार्ट मीटर परियोजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। कंपनी क्षेत्र के महू में रेडियो फ्रिक्वेंसी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जून माह के अंत तक शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाला महू प्रदेश का पहला शहर बन जाएगा। यहां उद्योग, घर, दुकान, ट्रांसफार्मर सभी जगह स्मार्ट मीटर होंगे।

खास खबर

भोपाल में लगेगी जिनोम सीक्वेंसिंग की मशीन

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि मध्यप्रदेश में 5 डेल्टा प्लस के केस सामने आए हैं। इनमें भोपाल में तीन और उज्जैन में दो केस आये हैं। प्रदेश में कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग लगातार की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि हम टेस्ट कम नहीं करेंगे। श्री सारंग ने बताया की जीनोम सीक्वेंसिंग की मशीन अब भोपाल में लगाई जायेगी, जिससे बदलते कोरोना स्ट्रेन की जांच हो सकेगी। भोपाल देश का चौथा शहर है, जहां जिनोम सीक्वेंसिंग मशीन स्थापित होगी।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

प्रधानमंत्री का ट्वीट

सुधारों को लागू करने में मध्यप्रदेश की सक्रियता अच्छी

अतिरिक्त ऋण सुविधा से जनकल्याण के कामों में मिली मदद

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने ट्वीट में सुधारों को लागू करने में मध्यप्रदेश की सक्रियता की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुधारों के लागू होने से जहां लोगों को बहुत मदद मिलेगी, वहीं राज्य का भी तेजी से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विजनरी लीडर हैं।

राष्ट्र के नव-निर्माण के लिये जनहितकारी निर्णय ले रहे हैं प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री में जनता की सेवा करने की ललक है और वे राष्ट्र के नव-निर्माण के लिये कुशलतापूर्वक जनहितकारी निर्णय लेते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 की विषम परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मंत्र दिया, जो उनकी जनता के कल्याण एवं विकास के प्रति तड़प और दूरदर्शिता दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत राज्यों को वर्ष 2020-21 के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त जीएसडीपी की अनुमति दी गई, एक प्रतिशत पर आर्थिक सुधारों की शर्त जोड़ी गई थी। प्रधानमंत्री के इस निर्णय से राज्यों को अतिरिक्त ऋण की सुविधा से जनकल्याण के कार्य करने में मदद मिली और वे देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में अधिक योगदान दे सके।

ईज ऑफ लिविंग में आया अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी पहल से नागरिकों के 'ईज ऑफ लिविंग' में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बताये गये सुधारों में से मध्यप्रदेश ने तीन सुधार पूरी तरह से लागू कर दिये। चौथे सुधार का एक घटक लागू किया, जिसमें एक प्रतिशत से 0.09 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण का लाभ मध्यप्रदेश को मिला।

पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलवाना प्राथमिकता

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास गतिविधियों को समय-सीमा में पूर्ण करने और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से आवश्यक कार्य-योजना और रणनीति बनायी जाए।

अटल एक्सप्रेस-वे और नर्मदा प्रोग्रेस-वे के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता

लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने क्षेत्र के विकास और विभागीय गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की। श्री भार्गव ने कहा कि अटल एक्सप्रेस-वे और नर्मदा प्रोग्रेस-वे जैसी महत्वाकांक्षी और प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं को विभाग सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करेगा।

अब थैले में मिलेगा राशन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने मुख्यमंत्री से चर्चा की। उन्होंने बताया हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि प्रदेश का कोई भी गरीब भूखा नहीं रहे। प्रदेश में 4 करोड़ 80 लाख हितग्राहियों को राज्य शासन द्वारा राशन वितरित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जुलाई माह तक सभी पात्र हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि तीन माह का राशन राज्य शासन की ओर से और दो माह का राशन केन्द्र सरकार की ओर से उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब हितग्राहियों को राशन थैले में उपलब्ध कराया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए संचालित होंगी गतिविधियां

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने मुख्यमंत्री को कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिए चलाई गई गतिविधियों पर धन्यवाद दिया। श्री डंग ने आगर, शाजापुर, नीमच में 1500 मेगावॉट की परियोजना की तैयारी, ओंकारेश्वर में सोलर प्लांट और छतरपुर, मुरैना में स्थापित हो रहे प्लांट के संबंध में मुख्यमंत्री को प्रगति से अवगत कराया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

19 जून

यूजीसी ने नेट और पीएचडी पास अभ्यर्थियों के लिये लॉन्च किया एकेडमिक जॉब पोर्टल

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट), स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट (सेट) तथा पीएचडी पास अभ्यर्थियों के लिये एक एकेडमिक जॉब पोर्टल लॉन्च किया है। यूजीसी द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार इस पोर्टल पर अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल बनाकर नौकरी की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और खाली पोस्ट के लिये आवेदन भी कर सकेंगे। इस पोर्टल पर नॉन टीचिंग जॉब भी अपलोड की जायेंगी। यूजीसी ने पहले से संचालित जॉब पोर्टल को भी इससे जोड़ने का फैसला किया है। यूजीसी ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर अपने संस्थान के खाली पदों का ब्यौरा इस पोर्टल पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

● सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल विश्वविद्यालयों को पीजी मेडिकल परीक्षा स्थगित करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि कोरोना महामारी के कारण वह इमरजेंसी ड्यूटी में हैं, ऐसे में परीक्षा या तो रद्द कर दी जाये या स्थगित की जाये। सुप्रीम कोर्ट ने कहा देशभर के तमाम विश्वविद्यालय पीजी मेडिकल कोर्स के फाइनल एग्जाम को रद्द या स्थगित करने का आदेश नहीं दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परीक्षाओं की तारीख तय करते समय कोरोना के हालात को ध्यान में रखा जाये।

● दिल्ली में प्रवेश करने वाले कमर्शियल वाहनों में रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग लगा होना जरूरी होगा। इस टैग के बिना दिल्ली में एक जुलाई से कमर्शियल वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। ये टैग दिल्ली में प्रवेश करने वाले मार्गों पर बिक्री के लिये उपलब्ध रहेंगे। इस टैग में राशि ट्रांसफर भी कराई जा सकती है।

20 जून

यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को दी ऑनलाइन डिग्री कोर्स चलाने की मंजूरी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को पूरी तरह ऑनलाइन डिग्री कोर्स चलाने की मंजूरी प्रदान की है। ये विश्वविद्यालय कुल 171 ऑनलाइन डिग्री कोर्स चला सकेंगे। यूजीसी के सचिव प्रोफेसर रजनीश जैन ने बताया कि इन विश्वविद्यालयों को अब पाठ्यक्रमों के लिये यूजीसी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इन संस्थानों को आवेदन के साथ ही एक हलफनामा भी देना होगा कि वह डिग्री कोर्स चलाने के लिये यूजीसी के नियमों का पालन करेंगे। इसके बाद संस्थान को यूजीसी से बिना पूर्व अनुमति के पूर्णकालिक ऑनलाइन कोर्स चलाने का अधिकार मिलेगा। ऑनलाइन डिग्री कोर्स चलाने की मंजूरी पाने वालों में 15 डीम्ड, 13 राज्य, 3 केंद्रीय तथा 3 निजी विश्वविद्यालय शामिल हैं।

● केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोरोना काल में घर में बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के

लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह दिशा-निर्देश माता-पिता तथा बच्चों की देखभाल करने वाले लोगों के लिये हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि महामारी के इस दौर में माता-पिता की भूमिका बच्चों के विकास और सीखने के लिये महत्वपूर्ण है। इस दिशा-निर्देश में क्यों, क्या और कैसे के बारे में जानकारी दी गई है। श्री निशंक ने कहा कि ये दिशा-निर्देश केवल माता-पिता के लिये नहीं हैं, बल्कि बच्चों की देखभाल करने वाले परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिये हैं। नये दिशा-निर्देश में बच्चों की आयु के हिसाब से कला गतिविधियों को बांटा गया है। इनमें बुनियादी चरण (3-8) वर्ष), प्राथमिक चरण (8-10 वर्ष), माध्यमिक चरण (11-14 वर्ष) और द्वितीयक चरण (14-18 वर्ष) है।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बारहवीं कक्षा के रिजल्ट की अंक गणना को आसान बनाने के लिये एक इनहाउस आईटी सिस्टम तैयार कर रहा है। इस आईटी सिस्टम से परिणाम समिति और देशभर के स्कूलों को बारहवीं कक्षा के रिजल्ट को अंतिम रूप देने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने कुछ दिन पहले बारहवीं कक्षा के लिये 30:30:40 फॉर्मूले की घोषणा की थी।

21 जून

भारत ने नये आईटी नियम पर संयुक्त राष्ट्र को दिया जवाब

● भारत ने नये आईटी नियम को लेकर संयुक्त राष्ट्र को जवाब दिया है। भारत ने कहा कि नये आईटी नियम उपयोगकर्ताओं को ताकतवर बनाने के लिये बनाये गये हैं। भारत ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के हो रहे गलत इस्तेमाल के चलते उन्हें नये नियम लागू करने पर मजबूर होना पड़ा है। भारत ने यह जवाब संयुक्त राष्ट्र के तीन विशेष दूतों की आपत्ति के बाद दिया है। इन दूतों ने भारत में नये आईटी नियमों पर आपत्ति जताते हुये कहा था कि नये नियम अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों के अनुरूप नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने अपने जवाब में कहा कि नये आईटी नियम बनाने से पहले वर्ष 2018 में सिविल सोसाइटी और बाकी पक्षों से विचार विमर्श किया गया था। भारत ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी दुर्व्यवहार के शिकार लोगों की सुनवाई के लिये फोरम होना चाहिये।

● उत्तराखंड में इस बार चारधाम यात्रा कई चरणों में शुरू की जायेगी। चारधाम यात्रा की शुरुआत एक जुलाई से होगी। उत्तराखंड सरकार के अनुसार यात्रा के कई चरण होंगे। पहले चरण में एक जुलाई से चमोली जिले के लोगों को बद्रीनाथ धाम, रुद्रप्रयाग जिले के लोगों को केदारनाथ धाम तथा उत्तरकाशी जिले के लोगों को गंगोत्री और यमनोत्री जाने की अनुमति होगी। वहीं दूसरे चरण में 11 जुलाई से उत्तराखंड राज्य के सभी जिलों के लोगों के लिये यात्रा खोल दी जायेगी। राज्य में कोरोना के हालात सामान्य रहते हैं, तो यात्रा का तीसरा चरण शुरू किया जायेगा। इसमें दूसरे राज्यों के लोगों को भी चारधाम यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी जायेगी। चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिये कोरोना जांच की निगेटिव रिपोर्ट लाना अनिवार्य होगी।

22 जून

बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से कोई समझौता नहीं करेगा ईरान

● ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि ईरान अपने बैलिस्टिक

मिसाइल कार्यक्रम पर किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहता है। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद अपनी पहली प्रेस ब्रीफिंग में रईसी ने अमेरिका को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ परमाणु समझौते का उल्लंघन किया है, ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की कोई संभावना नहीं है। रईसी ने कहा कि हमारी विदेश नीति सिर्फ परमाणु करार तक सीमित नहीं है। हम दुनिया के साथ बात करेंगे। उल्लेखनीय है कि रईसी को ईरान का अब तक सबसे कट्टरवादी राष्ट्रपति माना जा रहा है। रईसी पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों के कारण अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है।

● देशभर में कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुये अमरनाथ यात्रा रद्द कर दी गई है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब अमरनाथ यात्रा रद्द की गई है। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा रद्द होने की जानकारी देते हुये कहा कि लोगों की जान बचाना महत्वपूर्ण है, इसीलिये यह यात्रा रद्द की गई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के सदस्यों के साथ चर्चा के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार यात्रा सिर्फ प्रतीकात्मक रहेगी हालांकि अमरनाथ गुफा पर सभी धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जायेगा, जिसकी परंपरा रही है।

23 जून

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई और सीआईएससीई की मूल्यांकन नीति को दी मंजूरी

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा

परिषद (सीआईएससीई) द्वारा बारहवीं कक्षा के नतीजों के लिये बनाई गई मूल्यांकन नीति को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकृति प्रदान की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसमें छात्रों की जरूरत का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा रद्द करने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को भी खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बारहवीं कक्षा के परिणाम में देरी के कारण विद्यार्थियों को होने वाली परेशानियों से बचाने के लिये यूजीसी को निर्देश दिये हैं कि वह सभी कॉलेजों के लिये आदेश जारी करें, कि कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया बारहवीं कक्षा के परिणाम जारी होने के बाद ही शुरू की जाये।

● नेपाल में नागरिकों के लिये ई-पासपोर्ट जारी किये जायेंगे। नेपाल के पासपोर्ट विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। अगस्त के अंतिम सप्ताह से ई-पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पासपोर्ट विभाग के प्रवक्ता राजेंद्र पांडेय ने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने से नेपाल के नागरिक बिना सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटे घर बैठे ऑनलाइन पासपोर्ट बनवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पासपोर्ट तीन साल के लिये जारी किये जायेंगे। इस पासपोर्ट में एक चिप लगी होगी, जिसमें पासपोर्ट धारक की सभी व्यक्तिगत जानकारियां और फिंगर प्रिंट दर्ज होंगे। तीन वर्ष की समय-सीमा समाप्त होने के बाद नागरिकों को पुनः ई-पासपोर्ट बनवाना पड़ेगा। ई-पासपोर्ट दो तरह के होंगे, जिसमें कामगार और पर्यटन उद्देश्यों की जानकारी होगी।

24 जून

सीबीएसई ने अंक गणना में मदद के लिये बनायी हेल्प डेस्क

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के परिणाम तैयार करने के लिये अंक गणना में स्कूलों की मदद करने के लिये एक हेल्प डेस्क बनायी है। सीबीएसई ने इस संबंध में सभी संबद्ध स्कूलों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। बोर्ड के अनुसार हेल्प डेस्क परिणाम की अंक गणना पॉलिसी को लागू करने में स्कूलों की मदद करेगी। सीबीएसई के अनुसार हेल्प डेस्क द्वारा ई-मेल और फोन के जरिये स्कूलों की समस्या का समाधान किया जायेगा। बोर्ड ने कहा कि दसवीं कक्षा से जुड़ी दिक्कतों के लिये class-10-result@cbseshiksha.in तथा बारहवीं कक्षा से जुड़ी दिक्कतों के लिये class-12-result@cbseshiksha.in पर ई-मेल कर सकते हैं। यह हेल्प डेस्क कामकाजी दिनों में सुबह साढ़े 9.30 बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध होगी।

● अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी की घोषणा के बाद से तालिबान ने एक बार फिर अफगानिस्तान पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। तालिबान के आतंकवादियों ने मई 2021 के बाद से अब तक 370 में से 50 से अधिक जिलों पर कब्जा कर लिया है। यह जानकारी अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत डेबोरा लियोन्स ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दी। लियोन्स ने बताया कि तालिबान ने पिछले कुछ दिनों में बड़े सैन्य अभियान चलाते हुये कई प्रांतों में कब्जा करने के नजदीक है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों से तालिबान को खदेड़ा गया था, उन्हें वह दोबारा कब्जा करने की कोशिश में जुटा है।

● रूस ने म्यांमार के सैन्य शासन के संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने म्यांमार के नेता सीनियर जनरल मिन आंग हलिंग के साथ मुलाकात के बाद कहा कि हम अपने देशों के बीच स्थापित आपसी समझ, सम्मान और विश्वास के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को जारी रखने के लिये हमेशा से तैयार हैं।

25 जून

भारतीय सेना खरीदेगी युद्धक वाहन और हल्के टैंक

● पाकिस्तान और चीन सीमा पर जारी तनाव के बीच भारतीय सेना ने स्वयं को मजबूत बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय सेना 1750 फ्यूचरिस्टिक इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल (युद्धक वाहक) और 350 हल्के टैंक खरीदने जा रही है। सेना ने इसके लिये रिक्वेस्ट फॉर इंफॉरमेशन (आरएफआई) जारी किया है। ये युद्धक वाहन और टैंक मेक इन इंडिया पहल के तहत खरीदे जायेंगे। सेना ने कहा कि वह इन वाहनों को पूर्वी लद्दाख के साथ-साथ रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात करना चाहती है। सेना ने कहा कि हम 25 टन से कम वजन के हल्के टैंक चाहते हैं, ताकि ऊंची से ऊंची पहाड़ियों पर उन्हें तैनात किया जा सके। ये टैंक अत्याधुनिक तकनीक और हथियार प्रणाली के साथ-साथ उच्च सुरक्षा उपायों से लैस होंगे।

● अमेरिकी सरकार की एक संस्था यूएस सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विस (यूएससी आईएस) ने घोषणा की है कि एच-1बी वीजा के लिये कुछ विदेशी कर्मचारियों को दोबारा आवेदन करने के लिये आमंत्रित किया गया है। यूएससीआईएस ने कहा कि वह लोग जिनका किसी कारण से पहली बार में आवेदन खारिज हो गया था, या फिर जिन्होंने पंजीकरण के बाद अपना आवेदन करने में देर कर दी थी, वे अब दोबारा आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में विदेशी कामगारों को नियुक्त करने का अवसर देता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित,
फोटो : गूगल से साभार)

MAHARAJA RANJIT SINGH COLLEGE
OF PROFESSIONAL SCIENCES, INDORE (MP)
Affiliated to DAVV Indore & Recognised by UGC in 2 (f) & 12 B
FACULTY REQUIRED
Professor, Asso. Prof. & Asst. Prof. required for History, Political Science, English Literature, Economics, Sociology, Hindi, English, Computer Science, Commerce, Maths, Physics, Management, Chemistry, Life Science, Biotechnology, Microbiology & Pharmaceutical Chemistry to teach UG & PG classes.
Qualifications and selections as per UGC & DAVV norms.
Applications are also invited for Librarian. Apply within 7 days to Principal MRSC in person or by mail at principal@mrscindore.org
Hemkunt Campus Khandwa Road Indore (MP) 452017 - Principal
R-45630/2021

वर्ष 38, अंक 26 28.06.2021 से 04.07.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

अक्टूबर तक पूरा कर लेंगे टीकाकरण का लक्ष्य - मुख्यमंत्री

कोरोना की संभावित तीसरी लहर आने के पूर्व अक्टूबर महीने तक पूरे मध्यप्रदेश में टीकाकरण का काम पूरा कर लिया जायेगा। अक्टूबर महीने तक पांच करोड़ से अधिक वैक्सीन के डोज लगाए जायेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान के शानदार शुभारंभ के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न स्तर पर कार्यरत क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप्स और अभियान से जुड़े लोगों को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के इस महाअभियान में प्रदेश में एक दिन में 16 लाख 95 हजार 592 डोज लगाये गये। उन्होंने कहा कि पूरे देश का 20 प्रतिशत टीकाकरण मध्यप्रदेश में 1 दिन में किया गया। इस प्रकार अभी तक 1 करोड़ 67 लाख 33 हजार 198 डोज लगाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिये मंत्री समूह, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों और युवा शक्ति ने कोविड मुक्ति मॉडल तैयार किया। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में भी जहां लोग टीकाकरण से भयभीत थे, प्रेरक सदस्यों ने टीकाकरण के बारे में उन्हें समझाया और अब वहां टीकाकरण के लिये लोग आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाधिक टीकाकरण के साथ इन्दौर प्रथम स्थान पर रहा। नगर पंचायत बुढ़ार में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ। सागर की जेल में 100 प्रतिशत कैदियों का वैक्सीनेशन किया गया। प्रदेश के 10 जिलों में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने कहा कि मैं अभी रैंकिंग नहीं कर रहा परंतु इस अभियान को निरंतर कोरोना संक्रमण समाप्त होने तक जारी रखा जायेगा। अभियान से जुड़े लोगों को मुख्यमंत्री ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपकी मात्र 3 दिनों की तैयारी में हमने 10 लाख के लक्ष्य को आसानी से पार किया। यह आप लोगों के सहयोग से ही संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की इस उपलब्धि के पीछे जनभागीदारी मॉडल है, जिसमें समाजसेवी, डॉक्टर, कलाकार, पुलिस, प्रशासन, अधिकारी, कर्मचारी, सांसद, मंत्री, विधायक, पंच-सरपंच, मेयर, जन-प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग दिया। अभियान भी ऐसा रहा कि पूरे प्रदेश में एक उत्सव का माहौल बन गया। वैक्सीनेशन सेंटर सजाए गये। रंगोली पोस्टर्स के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया। वैक्सीनेशन के लिये लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया। कुछ लोगों ने वैक्सीन के नाम पर जो भ्रम फैलाया था उसे दूर किया गया। लोग स्वयं वैक्सीनेशन सेंटर पर चलकर आये। उत्साह ऐसा कि वृद्धजन और दिव्यांगों ने भी स्वयं टीका लगवा कर इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में 1 से 3 तारीख तक वैक्सीनेशन महाअभियान पुनः प्रारंभ होगा। उन्होंने क्राइसिस कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया कि सभी सदस्य अभी शहर और गांव का निरंतर भ्रमण करें। जहां टीकाकरण पूरा हो जाये उस टीकाकरण सेंटर को नये क्षेत्र में शिफ्ट करें। ऐसे क्षेत्र चिन्हित करें जहां वैक्सीनेशन कम हुआ है, उन क्षेत्रों में और प्रदेश की सीमाओं से सटे उन जिलों में भी वैक्सीनेशन पर गंभीरता से ध्यान दें, जहां संक्रमण का ज्यादा खतरा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक, सांसद, पंच-सरपंच, कलेक्टर और आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से वैक्सीनेशन के काम को अंजाम दें। पूरे देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी वैक्सीनेशन का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग वैक्सीन लगवाने के लिये आगे भी आ रहे हैं। उम्मीद है प्रदेशवासियों के उत्साह को देखते हुये प्रदेश में अक्टूबर तक टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया जायेगा।

वायु प्रदूषण से हो सकती है सूंघने की क्षमता प्रभावित

शहरों में रहने वाले लोग इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि वायु प्रदूषण के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं। प्रदूषित वायु किस तरह मानव जीवन को प्रभावित कर रही है। एक अध्ययन में सामने आया है कि वायु प्रदूषण के ज्यादा संपर्क में रहने से आदमी के सूंघने की शक्ति प्रभावित होती है। सूंघने की शक्ति का प्रभावित होना दरअसल एक स्थिति है, जिसे एनोस्मिया कहते हैं। यह समस्या किसी व्यक्ति की जीवन की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। इस समस्या से खाद्य पदार्थों का स्वाद ले पाना, पर्यावरण में वायुजनित खतरों का पता लगाना और इन्द्रियों पर निर्भर अन्य कार्यों का करना बेहद मुश्किल हो जाता है। एनोस्मिया सामाजिक दायरे में कमी की वजह बन सकता है। इसके शिकार लोग अवसाद और एन्जाइटी का अनुभव भी कर सकते हैं। कुछ मामलों में गंध की कमी वृजुगों में मृत्यु से जोड़ी गई है। जॉन्स हॉपकिन्स के शोधकर्ताओं ने एनोस्मिया और वायु प्रदूषण के बीच संबंध का पता लगाया गया है। वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक जोखिमों को ढंग से समझने के लिये यह अध्ययन किया गया और पता लगाया कि यह गंध और स्वाद की क्षमता को कैसे नुकसान पहुंचाता है। इस विषय में हुये अध्ययन में अधिकांश प्रतिभागी शहरी क्षेत्रों के थे। यहां प्रदूषण का स्तर उच्चतम है। अध्ययन में यह आकलन किया गया कि इनहेलेबल पार्टिकुलेट मैटर सूंघने की शक्ति को कैसे खत्म कर सकते हैं, जो कि आकार में 2.5 माइक्रोमीटर से कम या इंसान के वालों के व्यास से लगभग 30 गुना छोटे होते हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस | 23 जून

बेहतर सेवा के लिए नवाचारों का होना आवश्यक

'जीवन का एकमात्र उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। महान रूसी साहित्यकार लियो टॉलस्टॉय का यह कथन जीवन में सेवा के महत्व को दर्शाता है और जब मानव सेवा बड़े स्तर पर की जाती है तो उसे जन सेवा या लोक सेवा कहते हैं। लोक सेवा से आशय है कि सरकारी सेवकों का संगठन, जिन्हें सरकार अपने कार्यों के लिए नियुक्त करती है। लोक सेवाएं सरकारी सेवाएं हैं। राज्य द्वारा नियोजित वे सभी कार्मिक जो जनता की देखभाल में लगे हैं 'लोक सेवा' के सदस्य होते हैं। लेकिन इसमें सैनिक कार्यों में लगे राज्य के कार्मिक शामिल नहीं हैं। इससे राज्य की सेवाओं के दो भाग प्रकट होते हैं सैनिक शाखा और असैनिक शाखा। लोक सेवा का संबंध असैनिक शाखा से है। इन लोक सेवकों के कार्य को सम्मान और पहचान देने के लिए प्रतिवर्ष 23 जून को संयुक्त राष्ट्र संघ लोक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण को पहचानना और विकास प्रक्रिया में लोक सेवा के योगदान के बारे में बताना है। यह दिन शासकीय सेवकों के द्वारा किए जाने वाले कार्य और प्रयास को पहचान दिलाता है तथा युवाओं को लोक सेवा के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित भी करता है। लोक सेवा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के बेहतर कार्य को देखकर लाखों युवा प्रतिवर्ष राज्य और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अपनी किस्मत आजमाते हैं।

कैसे हुई शुरुआत संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस की

23 जून को मनाए जाने वाले संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस को समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा का मूल्य और पुण्य, विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान पर प्रकाश डालने, लोक सेवकों के काम को पहचानने और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2002 को, 57/277 प्रस्ताव पारित करके प्रति वर्ष 23 जून को संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस के रूप मनाए जाने की घोषणा की थी। विश्वभर में सभी शासकीय कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को चिन्हित करने और एक बेहतर दुनिया बनाने के प्रशासकीय प्रयास के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन को दुनिया भर में विभिन्न सार्वजनिक सेवा संगठनों और विभागों द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जाता है, ताकि समुदाय में विकास और सुधार करने में लोक सेवकों की भूमिका को पहचानने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद की ओर से लोक सेवा दिवस पर लोक सेवा की भूमिका, सम्मान बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार यूएनपीएसए प्रदान किए जाते हैं, इसकी शुरुआत 2003 में की गई थी। इन्हें वर्ष 2016 में सतत विकास लक्ष्य 2030 के साथ जोड़ दिया गया। इस दिन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने श्रम संबंधों पर कन्वेंशन (लोक सेवा), 1978 (नंबर 151) को अपनाया था। यह कन्वेंशन दुनिया भर में सभी सिविल सेवकों की कामकाजी परिस्थितियों को निर्धारित करने के लिए एक रूपरेखा का निर्माण करता है।

इनोवेशन पर केन्द्रित इस वर्ष की थीम

पिछले एक दशक में डिजिटल क्रांति ने हमारी जिंदगी, हमारे काम और शासन को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। टेक्नोलॉजी और डेटा ड्राइवेन इनोवेशन ने हमारी जिंदगी में व्यापक बदलाव किए हैं, नई इंफॉर्मेशन हमारे सामने लाई हैं, नीतियां बनाने और सेवाएं हम तक पहुंचाने जैसे काम में महती भूमिका निभाई है। किसी भी इनोवेशन की कामयाबी इसी पर निर्भर करती है कि निरंतर फॉलोअप किया जाए। वरना सिर्फ इनोवेशन करने से कुछ नहीं होगा। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस 2021 Innovating the future public service New Government Models for a New Era to Reach the SDGs की थीम पर मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस 2021 के उपलक्ष्य में संयुक्त अरब अमीरात की सरकार के सहयोग से एक कार्यक्रम 'भविष्य की लोक सेवा का नवाचार : SDGs तक पहुंचने के लिए एक नए युग के लिए नए सरकारी मॉडल' विषय पर आयोजित किया गया।

कोरोना के संकट में डिजिटलाइजेशन ने बनाए काम आसान

कोरोना के इस मुश्किल दौर में जब जिंदगी की रफ्तार रुक गई है। ऐसे समय में डिजिटल क्रांति ने जिंदगी को आसान बनाने में अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। मॉल्स के बंद होने के बाद किराना, मेडिकल से लेकर जरूरी सामान सिर्फ एक फोन कॉल, वॉट्सएप के माध्यम से घर पहुंच जाता है और पेमेंट भी आसानी से हो जाते हैं। यह तो हुई सिर्फ छोटे स्तर की बात, यदि हम व्यापक तौर पर बात करें तो शासकीय कामकाज को आसान बनाने में भी इस समय डिजिटल तकनीक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऑफिसों के बंद होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग और महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं, विश्वविद्यालयों में वेबिनार और कॉन्फ्रेंस डिजिटल तकनीक की मदद से आयोजित की जा रही हैं। शासन द्वारा समय-समय पर लिए जा रहे निर्णय भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनता तक पहुंचाए जाते हैं। इस संकट के दौर में सरकारों पर प्रशासनिक व्यवस्था को चलाने और जनता को जरूरी सेवाएं देने की बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए कई तकनीकी कंपनियां व्यवस्था परिवर्तन के सकारात्मक विकल्प देने में सक्षम होंगी, क्योंकि ये कंपनियां अपने लिए नए क्षेत्र विकसित करने का प्रयास कर रही हैं, इनमें से कई विषय तो अब हमेशा ऑनलाइन ही प्रतिपादित किए जाएंगे। मिसाल के रूप में, इस महामारी के दौर में वीडियो कॉन्फ्रेंस की तकनीक बहुत बड़ी मददगार बनकर उभरी है। जो सरकारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपना काम संपादित करने में अहम भूमिका निभा रही है और आगे चलकर तमाम देशों की सरकारें ऐसे डिजिटल औजारों का उपयोग बढ़ाएंगी, जिनकी मदद से वो स्वास्थ्य संबंधी निगरानी कर सकेंगी। लोगों से क्वारंटीन में रहने की शर्त का पालन करा सकेंगी। जिन तकनीकों के बारे में पहले समाज ये सोचता था कि उन्हें जिंदगी में शामिल करने से पहले और अधिक समीक्षा की आवश्यकता है। वैसी तकनीकें अब तेजी से हमारी जिंदगी का हिस्सा बनने की ओर अग्रसर होंगी जैसे कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल। उम्मीद यही है कि ऐसी तकनीकों को तेजी से विकसित करके हमारी जिंदगी का हिस्सा बनाया जाएगा। तेजी से डिजिटल हो रहे वैश्विक समाज में तमाम देशों द्वारा चुनौतियों से निपटने के लिए जो तौर तरीके इस्तेमाल किए जाएंगे, उससे तकनीकी दुनिया का जोखिम उत्पन्न होगा। कोई भी दो समाज एक जैसे नहीं होते हैं। वो अलग-अलग राजनीतिक मूल्यों, सामाजिक परंपराओं और आर्थिक प्राथमिकताओं से परिभाषित होते हैं। अब जबकि कोविड-19 के कारण हमारे सामाजिक जीवन, कारोबार का संचालन और प्रशासनिक व्यवस्थाएं ऑनलाइन हो रही हैं, तो वैश्विक डिजिटल दुनिया में कुछ खास मूल्य और तकनीकी पैमाने स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत की डिजिटल पहचान व्यवस्था ने इसे महामारी के दौरान कई चुनौतियों से उबरने में मदद की है। इस डिजिटल आईडी की मदद से गरीब तबके को नकद स्थानांतरण और कई जरूरी सामान खरीदने के लिए डिजिटल भुगतान किया जा सका है।

समय सीमा के अंदर कार्य हों इसलिए बनाया लोक सेवा गारंटी अधिनियम

प्रशासन से जनता के जो रोजमर्रा के कार्य होते हैं उन्हें पूरा करने के लिए लोक सेवक सतर्क रहे और सेवा प्रदान करने के लिये अपने उत्तरदायित्व का प्रभावी निर्वहन करे। इसलिए प्रत्येक चिन्हित सेवा प्रदान करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। मध्यप्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जिसने अधिसूचित सेवाओं को समय-सीमा में नागरिकों को प्रदान करने की कानूनी गारंटी दी है। मध्यप्रदेश के बाद अन्य राज्यों ने भी इसकी तर्ज पर कानून बनाए हैं अब भारत सरकार भी इस तरह का कानून बना रही है। निश्चित ही यह कानून सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए बनाया गया है। इस कानून में वर्तमान में अधिसूचित 448 सेवाओं में 263 सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। इन सेवाओं को प्रदान करने के लिये निश्चित समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस समय-सीमा में पदाभिहित अधिकारी को यह सेवा प्रदान करनी होगी। समय-सीमा में कार्य न करने अथवा अनावश्यक कारणों से विलम्ब करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को दण्ड देने का प्रावधान है। इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा पृथक से 'लोक सेवा प्रबंधन विभाग' एवं विभाग के अधीन 'राज्य लोक सेवा अभिकरण' का गठन किया गया है।

भारतीय लोक सेवा दिवस अप्रैल में मनाया जाता है

भारत में प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को 'लोक सेवा दिवस' मनाया जाता है। भारत को आजादी मिलने से चार महीने पहले 21 अप्रैल, 1947 को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को मेटकाफ हाउस में संबोधित किया था, यहां उन्होंने लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहकर सम्मानित किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि, सरकार की छवि काफी हद तक लोक सेवकों के इसी रवैये पर निर्भर करती है कि लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं की पूर्ति कैसे करते हैं। इसे सिविल सर्विस डे के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ सेवा के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी एरिया - इंदौर
उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) तथा उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर) परीक्षा 2021

विज्ञापन क्रमांक 05/2021/23.06.2021
गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04.08.2021

महत्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन** हेतु **उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) के 13 तथा उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर) के 02 पदों** की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-
   शैक्षणिक अर्हता
   उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)
   किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिकी/टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि।
   उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर)
   किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस या प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि अथवा एमसीए।
   रोजगार पंजीयन
   अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएँगे। आवेदन पत्र दिनांक 05.07.2021 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 04.08.2021 (रात्रि 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं।
   आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र की सावधानीपूर्वक जाँच कर लें। ऑनलाइन आवेदनपत्रों में दिनांक 10.07.2021 से दिनांक 06.08.2021 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटि सुधार हेतु एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन सरसरी तौर पर अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।
3. इस विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन परीक्षा इंदौर, भोपाल, जबलपुर तथा ग्वालियर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र में परिवर्तन आयोग द्वारा किया जा सकेगा। परीक्षा तिथि तथा प्रवेश-पत्र उपलब्धता अवधि की जानकारी यथा समय आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** एवं **www.mppsc.com** पर प्रकाशित की जाएगी।
4. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनायें, परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर आवश्यक होने पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा इसे अंतिम चयन परिणाम आने तक अपरिवर्तित रखें एवं आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
5. **आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।**
6. **उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।**

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से **गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन** के अंतर्गत निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					कुल पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	
1	उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)	4	2	3	3	1	1	1	1	1	0	13
2	उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर)	1	0	0	1	0	0	0	0	0	0	2

टीप :- उक्त वर्दीधारी पदों हेतु दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

दो **पद का विवरण**

01 **पद का नाम** : उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)
विभाग का नाम : **गृह विभाग**
श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
पद स्थिति : स्थाई
वेतनमान : रुपये **56100-177500** तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।
पद के कर्तव्य : उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) को समय-समय पर सौंपे गए कार्य

02 **पद का नाम** : उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर)
विभाग का नाम : **गृह विभाग**
श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
पद स्थिति : स्थाई
वेतनमान : रुपये **56100-177500** तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।
पद के कर्तव्य : उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर) को समय-समय पर सौंपे गए कार्य

तीन **शैक्षणिक अर्हता** : **उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)**
किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिकी/टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि।
उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर)
किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस या प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष उपाधि अथवा एमसीए।
रोजगार पंजीयन : **अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।**

टीप - (1) अभ्यर्थी के पास उपर्युक्त अर्हताएँ ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक होना चाहिए आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद किसी भी तिथि को उक्त अर्हताएँ अर्जित करने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित पदों हेतु विचारित होने की पात्रता नहीं रखेंगे।
(2) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि लिखित परीक्षा के परिणाम के पूर्व तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(3) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।
(4) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।
(5) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित पद केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में मान्य हैं, आरक्षण हेतु पात्र नहीं हैं। उन्हें अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि वे क्रीमीलेयर में नहीं आते।
(6) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में छूट तथा यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।
(7) मध्यप्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।

चार **मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता** :-
अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।
ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें जुड़वा या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच **महत्वपूर्ण** :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। ऑनलाइन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। नियुक्ति के पश्चात् भी यदि सेवाकाल के दौरान किसी भी समय उसकी अनर्हता प्रमाणित होती है तो उसका चयन निरस्त कर सेवा से पृथक किया जाएगा।

छः **आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 33 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।**

सात **आयु संगणना तिथि : 01.01.2022**
आयु सीमा में दी गयी अन्य छूटों के लिए **परिशिष्ट-1** देखें।

आठ **अधिवार्षिकी आयु** :- **62 वर्ष**

नौ **चयन प्रक्रिया** :-
(1) चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में एक प्रश्नपत्र की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा की परीक्षा योजना इस विज्ञापन के **परिशिष्ट-4** तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** पर इस विज्ञापन के साथ प्रकाशित किया गया है।
(2) परीक्षा में प्राप्तांक के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न प्रवर्गों हेतु विज्ञापित रिक्तियों के 3 गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु सफल घोषित किया जाएगा। परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रश्न-पत्र के दोनों भाग में पृथक-पृथक कम से कम 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति,

अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को अंकों में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, इस प्रकार उनके लिए परीक्षा के प्रश्न-पत्र के दोनों भाग में पृथक-पृथक कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

ऋणात्मक मूल्यांकन :- प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्नपत्र का मूल्यांकन ऋणात्मक मूल्यांकन पद्धति से किया जाएगा। प्रत्येक सही उत्तर हेतु 3 अंक प्रदान किए जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1 अंक कम किया जाएगा।

(3) **परीक्षा परिणाम तथा आरक्षण प्रक्रिया :-**

(क) **अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु :-**
प्रतियोगी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर संबन्धित प्रवर्ग हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफल घोषित किया जाएगा। अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम उसी श्रेणी में घोषित किया जाएगा जो उनके ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उनकी श्रेणी के रूप में दर्ज है।

(ख) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु :-**
मध्यप्रदेश के मूल निवासी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आरक्षण प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा।

(ग) **अंतिम चयन परिणाम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का समायोजन :-**
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के जो अभ्यर्थी सामान्य वर्ग की भांति बिना किसी छूट के चयनित होते हैं उन्हें अनारक्षित श्रेणी हेतु विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनित किया जाएगा किन्तु यह समायोजन केवल अंतिम चयन परिणाम के स्तर पर होगा, ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा के स्तर पर नहीं।

(4) परीक्षा परिणाम के साथ ही अभिलेख प्रेषण हेतु अंतिम तिथि निर्धारित कर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से उनकी अर्हता से संबन्धित सभी अभिलेख प्राप्त किए जाएंगे तथा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा जो अभिलेखों की सूक्ष्म जांच उपरांत अर्ह पाए जाएंगे। साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित नहीं है।

(5) साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिए अनर्ह माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को बुलाने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। अर्हताधारी अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से SMS/आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** पर सूचित किया जाएगा।

(6) उपरोक्त पदों पर अंतिम चयन प्रतियोगी परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के श्रेणीवार गुणानुक्रम के आधार पर होगा।

(7) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

(8) **चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।**

(9) **प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या कम होने पर चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से भी किया जा सकेगा।**

दस **फोटो पहचान-पत्र** :- ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को निम्नांकित में से कोई एक मूल फोटो पहचान-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। फोटो परिचय-पत्र से अभ्यर्थी के पहचान की पुष्टि होने पर ही उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

1 पासपोर्ट
2 मतदाता पहचान पत्र
3 ड्रायविंग लायसेंस
4 पैन कार्ड
5 आधार कार्ड
6 शासकीय सेवक के मामले में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र
7 बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस की फोटोयुक्त पासबुक
8 शैक्षणिक संस्थान द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी परिचय पत्र
9 राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय-पत्र

ग्यारह **आवेदन प्रक्रिया** :- उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

बारह विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** एवं **रोज़गार और निर्माण** समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर आवश्यक होने पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर **अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर** का अवश्य उल्लेख करें तथा उसे अंतिम चयन परिणाम तक अपरिवर्तित रखें एवं आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

तेरह अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट-1**
(ii) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-2**
(iii) ऑनलाइन परीक्षा से संबन्धित अन्य निर्देश **परिशिष्ट-3**
(iv) परीक्षा योजना **परिशिष्ट-4**

उप सचिव

परिशिष्ट -1

(एक) **उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूटें**

(1) **मध्यप्रदेश शासन,** सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-14/2019/एक/3, दिनांक 19 दिसंबर 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/ निगम/ मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-
भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) **प्रोत्साहनस्वरूप दी गयी छूट**

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप :- **(1) परिशिष्ट-1** (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहनस्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में है, अतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे।
(सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट :- (01) उपरोक्त परिशिष्ट -1 (एक) (1 से 2) (दो) (1 से 2) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 38 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. **ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-**

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन पत्र **www.mponline.gov.in, www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** वेबसाइट पर भरे जा सकेंगे।
2. अभ्यर्थी अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक अभ्यर्थी नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
3. अभ्यर्थी फार्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें जिन्हें उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र में उनके फोटो एवं हस्ताक्षर स्पष्ट हैं।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें।
5. आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह समझ लिया गया है कि अभ्यर्थी द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है वही प्रामाणिक जानकारी है अतः ऑनलाइन आवेदन पत्र submit करने के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़-समझकर तथा भरी गयी जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन submit करें।
6. आवेदन पत्र submit करने के बाद खुलने वाले pop-up window में आवेदक को उसके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सब्मिट करने पर आवेदन पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।
अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन पत्र submit होने के बाद "proceed for payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन पत्र प्राप्त होगा, जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित होगा। आवेदक उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।
7. **त्रुटि सुधार सुविधा** :- अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि होने पर **दिनांक 10.07.2021 से 06.08.2021 तक** प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा। **अनारक्षित श्रेणी हेतु शुल्क रुपये 1000 तथा आरक्षित श्रेणी हेतु रुपये 500 निर्धारित है। अतः आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा अनारक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपये 500 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा आरक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।**
ऑनलाइन आवेदन पत्रों में भरी गयी श्रेणी/वर्ग (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/लिंग (महिला/पुरुष)/शासकीय सेवक) आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है। अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/ वर्ग परिवर्तन विषयक कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाऐगा।
8. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची, तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। **विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी।**

2. **परीक्षा तथा आवेदन शुल्क**

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों हेतु
रु. 500/-	रु. 1000/-

सभी श्रेणी के आवेदकों को उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क रु. 40/- (सेवाकर सहित) अतिरिक्त देय होगा।

आवेदन एवं परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल के शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्क धारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एमपी ऑनलाइन के निम्न दूरभाष नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

हेल्पलाइन :- 0755-6720200

केवल विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आवेदन एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन पद्धति से वापस किया जाएगा, किन्तु पोर्टल शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

3. **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि**

(अ) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 04.08.2021** है। अंतिम तिथि को **रात्रि 12:00 बजे के बाद** आवेदन पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

4. **अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ कोई अभिलेख अपलोड नहीं करने हैं किन्तु साक्षात्कार के पूर्व आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अनुप्रमाणन पत्रक, उपस्थिति पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रति के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-**

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मेट्रीक्यूलेशन की अंकसूची/प्रमाण-

पत्र जिसमें जन्म तिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षों/सेमेस्टर्स की अंकसूचियां।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के अधिकृत हैं द्वारा जारी किया गया हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीबद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। विवाहित महिलाएँ विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन का शपथ पत्र संलग्न करें। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमीलेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है। अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ..... के विज्ञापन क्रमांक 05/2021, **दिनांक 23.06.2021** के अंतर्गत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। मैं निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूं -

1. मैं ..... पिता श्री ..... निवासी ग्राम/कस्बा/शहर/..... जिला ....., मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूं। मैं ..... जाति का/की सदस्य हूं जो शासन द्वारा मध्यप्रदेश हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्य है।
2. मैं यह भी घोषित करता/करती हूं कि मैं शासन के नवीनतम परिपत्रों द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार क्रीमीलेयर में नहीं आता/आती हूं।

हस्ताक्षर .....
नाम .....
रोल नंबर .....

(उक्त घोषणा-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति केवल साक्षात्कार के पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले अनुप्रमाणन-पत्र के साथ संलग्न करें)

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु :- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र।

शासकीय सेवकों हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो अभ्यर्थी पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हों, उनको यह अभिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत कर उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

6. **अनुशासनिक निर्देश** :-

यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-

01 जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या
02 प्रतिरूपण किया हो; या
03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या
04 कूटरचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हो जिनमें फेरबदल किया गया हो; या
05 ऐसे कथन दिए हों जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हो; या
06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो; या
07 परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो; या
08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक छति पहुंचाई हो; या
09 उनके द्वारा प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित हैं, अतिक्रमण किया हो; या
10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार,

तब आयोग द्वारा :-

(क) उसे उस परीक्षा के लिए जिसके लिए वह उम्मीदवार है, निरर्ह ठहरा सकेगा
और/या
उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उसपर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. **अनर्हताएं** :- ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी जिन्हें किसी परीक्षा अथवा चयन से उपरोक्त दर्शित प्रावधानों के तहत विवर्जित किया गया है।

8. **ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा की पश्चातवर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में आवश्यक निर्देश** :-

01 ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनके परिणाम की सूचना अन्य किसी भी रीति से नहीं दी जाएगी तथा न ही इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य किया जाएगा।
02 परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएं प्रकाशित की जाएंगी। अतः सफल अभ्यर्थी उनके परीक्षा परिणाम के साथ ही साक्षात्कार से संबन्धित समस्त सूचनाओं का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसमें प्रदत्त अनुदेशों के अनुरूप आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** पर उपलब्ध कराए गए अनुप्रमाणन पत्रक, व्यक्तिगत विवरण पत्रक तथा उपस्थिति पत्रक डाउनलोड करके आवश्यक पूर्तियों के पश्चात एवं सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न कर, परीक्षा परिणाम में उल्लेखित साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा करें। अपने ऑनलाइन आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति भी उक्त अभिलेखों के साथ अवश्य संलग्न करें।
03 साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि तक अभिलेख जमा न करने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता स्वयंमेव समाप्त हो जाएगी तथा आयोग द्वारा इस संदर्भ में अभ्यर्थी को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी तथा इस संदर्भ में प्राप्त अभ्यावेदनों को बिना विचार किए नस्तीबद्ध किया जाएगा।

9. **यात्रा व्यय का भुगतान** :-

(अ) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमीलेयर) श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत न हों को ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय की पात्रता होगी।

(ब) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित वर्तमान निवास के पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने तथा जाने के यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा।

(स) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को इसके लिए केंद्राध्यक्ष द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित घोषणा-पत्र प्रदान किया जाएगा जिसे भरकर अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की पात्रता से संबन्धित निम्नांकित अभिलेखों के साथ केंद्राध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा :-

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमीलेयर) के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
2. यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी तथा किराये की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

(द) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, खाता क्रमांक तथा बैंक के IFSC Code का उल्लेख करना एवं साथ ही अपनी बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की पठनीय स्केन प्रति आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक विवरण में कोई त्रुटि/विसंगति होने के कारण भुगतान निरस्त होने की दशा में आयोग उत्तरदायी नहीं होगा तथा इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(इ) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

परिशिष्ट-3

ऑनलाइन परीक्षा के संबंध में निर्देश

ऑनलाइन परीक्षा के संबंध में निर्देश निम्नानुसार हैं :-

परीक्षा पूर्व निर्देश

01 परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in अथवा www.mppsc.com** में निर्धारित लिंक पर आवेदन पत्र क्रमांक एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र क्रमांक गुम गया है तो वे ऑनलाइन रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, नाम एवं जन्मतिथि डालकर OTP (One Time Password)/टोल फ्री नम्बर (आयोग द्वारा जारी)/वेबसाइट पर उपलब्ध know your application number लिंक से प्राप्त कर सकते हैं।

02 परीक्षा हेतु रजिस्टर्ड आवेदकों को उनके द्वारा चुने गए विकल्प (शहर) के आधार पर रेण्डम विधि से रोल नम्बर प्रदाय किए जाएंगे।

03 परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात् निम्नांकित हेल्पलाइन तथा ई-मेल के द्वारा हेल्प डेस्क पर की गई पूछताछ की समुचित व्यवस्था की जाएगी :-
हेल्पलाइन नम्बर - 0731-2700406 (समय 10:30 बजे से 17:30 बजे तक)
ई-मेल - mppsconline@gmail.com

04 आयोग की वेबसाइट पर मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र क्रमांक तथा जन्मतिथि की प्रविष्टि कर उक्त सुविधा के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली से अपने आप को प्रशिक्षित कर सकेगा।

05 परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 01:30 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना आवश्यक है, ताकि उनकी प्रवेश संबंधी आवश्यक कार्यवाही समय रहते की जा सके।

06 परीक्षार्थी अपने साथ किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य अनावश्यक सामग्री साथ में नहीं लाएँ तथा अपने हथेलियों पर किसी प्रकार का रंग, स्याही अथवा मेंहदी न लगी हो, क्योंकि इस कारण बायोमेट्रिक दर्ज नहीं हो पाता है।

07 परीक्षार्थी के परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर रजिस्ट्रेशन डेस्क पर परीक्षार्थी के मूल फोटो परिचय पत्र, एडमिट कार्ड, एवं फोटो की जांच प्रवेश पत्र एवं परीक्षार्थी से मिलान किया जाएगा। तत्पश्चात बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया जाएगा।

08 परीक्षा कक्ष में प्रवेश के पूर्व पुलिस द्वारा तलाशी (Frisking) की जाएगी जिससे कि परीक्षार्थी अपने साथ किसी भी प्रकार की वर्जित वस्तुएँ अन्दर न ले जा सके।

परीक्षा हेतु वर्जित वस्तुएँ

सामान्यतः ऑनलाइन परीक्षाओं में ऐसा पाया गया है कि परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफ़लिंक, चश्मा, जूते-मोजे, हाथ के बैंड/हाथ में बंधे बंधन इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करते हैं। अतः परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। एसेसरीज़ जैसे बालों को बाँधने का क्लचर/बक्कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले किसी भी प्रकार के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्स/वालेट, टोपी वर्जित है। सिर, नाक, कान, गला, हाथ-पैर, कमर आदि में पहने जाने वाले सभी प्रकार के आभूषण तथा हाथ में बंधे धागे/कलावा/रक्षा सूत्र आदि का सूक्ष्मता से परीक्षण कर वीक्षकों द्वारा परीक्षार्थी के कक्ष में जाने के पूर्व तलाशी ली जाएगी।

09 आयोग द्वारा निम्नांकित फोटो आई-डी कार्ड मान्य किए गए हैं, इनमें से किसी एक की मूल प्रति साथ में लाना आवश्यक होगा। फोटो आई-डी की फोटोकापी मान्य नहीं की जाएगी।

1. मतदाता परिचय पत्र
2. आधार कार्ड
3. ड्राइविंग लायसेंस
4. पेन कार्ड
5. पासपोर्ट

6. फोटो सहित बैंक पासबुक
7. केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र।
8. शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र।
9. अभ्यर्थी का राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित फोटो।

उपरोक्त के अभाव में परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

ऑनलाइन परीक्षा की मुख्य विशेषताएं

10 सम्पूर्ण परीक्षा व्यवस्था सी.सी.टी.वी. कैमरों की निगरानी में संचालित की जाएगी।

11 आयोग द्वारा परीक्षार्थी को केन्द्र पर रफ कार्य किए जाने हेतु पेपर एवं पेन की सुविधा प्रदान की जाएगी। रफ कार्य किए जाने हेतु प्रदत्त पेपर परीक्षा समाप्ति पश्चात् परीक्षा कक्ष में छोड़कर जाना होगा।

12 रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन के पश्चात् परीक्षार्थी को रूम नम्बर एवं सीट नम्बर अलाट किए जाएंगे।

13 ऑनलाइन परीक्षा हेतु सभी केन्द्रों पर आयोग द्वारा केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं तकनीकी विशेषज्ञ नियुक्त किए गए हैं जो प्रश्नपत्र को आयोग से सुरक्षित रूप में प्राप्त कर केन्द्रों पर परीक्षार्थी के कम्प्यूटर स्क्रीन पर उपलब्ध कराएँगे।

14 परीक्षार्थी को जो मशीन आवंटित की गई है, उस पर सीट नम्बर, मशीन नम्बर, आई.पी. एड्रेस, एवं कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वयं का फोटो है, यह सुनिश्चित कर सीट पर बैठें।

15 परीक्षार्थी अपने रोल नम्बर एवं प्रवेश-पत्र पर अंकित पासवर्ड द्वारा लाग-इन कर सकेंगे।

16 परीक्षार्थी द्वारा लाग-इन करने के पश्चात् स्क्रीन पर Instruction page, Symbol page display होगा।

17 परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व परीक्षार्थी के स्क्रीन पर 05 प्रश्न दिए जाएंगे जो आवेदक द्वारा हल किए जाएंगे तत्पश्चात स्क्रीन पर मॉडल आंसर उपलब्ध होगा जिससे परीक्षार्थी अपने उत्तर चेक कर सकेगा। उक्त प्रक्रिया को परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व अधिकतम 03 बार दोहराया जा सकेगा, जिससे परीक्षार्थी स्वयं यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उसके कम्प्यूटर का माउस उसके द्वारा चाहे गए विकल्प पर ही क्लिक हो रहा है। उक्त प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न होती है तो वह कक्ष में उपस्थित वीक्षक/तकनीकी सहायक को उक्त संबंध में अवगत कराएँगे, जिससे वीक्षक द्वारा शीघ्र कार्यवाही की जा सके।

18 परीक्षा के दौरान वीक्षक द्वारा उपस्थिति पत्रक पर परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर एवं अँगूठे के निशान लिए जाएंगे तथा वीक्षक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उसी मशीन पर परीक्षा दे रहा है जो उसे आवंटित की गई है।

19 प्रत्येक परीक्षार्थी का सत्यापन वेरिफिकेशन शीट के आधार पर बाएँ/दाएँ हाथ पर बैठे परीक्षार्थी द्वारा किया जाएगा कि बैठा हुआ परीक्षार्थी उसे आवंटित की गई मशीन पर ही पूरे समय बैठकर परीक्षा दे रहा था।

20 परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार प्रश्नों को हल कर सकेंगे एवं समय संबंधी अलार्म परीक्षा प्रारंभ होने पर, परीक्षा प्रारंभ होने के 01:00 घण्टे पश्चात, 01:30 घण्टे पश्चात, परीक्षा समाप्ति के 10:00 मिनट पूर्व तथा अंतिम अलार्म बजेगा परीक्षा समाप्ति पर बजेगा।

21 परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु निर्धारित समय में हल किए गए प्रश्नों के उत्तरों को बदलने की सुविधा उपलब्ध रहेगी जिससे वह चाहे गए प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय में बदल सकेगा।

22 परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग किए जाने पर वीक्षक द्वारा तत्काल प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, प्रकरण तैयार किए जाने के पश्चात् भी यदि परीक्षार्थी पुनः परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है तो उसे उक्त परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदाय की जा सकेगी, किन्तु यदि परीक्षार्थी आदेश का पालन नहीं करता है तो उसकी परीक्षा निरस्त की जाएगी। उक्त समस्त प्रकरण पर अंतिम निर्णय आयोग द्वारा लिया जाएगा।

23 यदि परीक्षार्थी हल किए गए उत्तरों को समय समाप्ति के पूर्व सब्मिट नहीं करता है तो मशीन स्वतः ही समय समाप्ति पर उत्तरों को सब्मिट कर बन्द हो जाएगी।

परीक्षा पश्चात् की कार्य प्रकिया

24 अभ्यर्थी परीक्षा समाप्ति पश्चात् हल किए गए प्रश्नों के उत्तरों का P.D.F. Form में पुनः अवलोकन कर सकेंगे। अवलोकन किए जाने हेतु 05 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा जिसके अंतर्गत वे हल किए गए उत्तरों में किसी का बदलाव नहीं कर सकेंगे।

25 मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित पते से परीक्षा केन्द्र शहर तक का यात्रा भत्ते का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जाएगा;

इस हेतु अभ्यर्थियों को वांछित घोषणा-पत्र तथा निम्न अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है:-

- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की फोटो कापी
- यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा का विवरण तथा राशि का स्पष्ट उल्लेख हो जाति प्रमाण पत्र की फोटो कापी जमा करने पर ही प्रदान किया जाएगा।

26 परीक्षा समाप्ति पश्चात् हल किए गए प्रश्नों एवं दिए गए उत्तरों की उत्तरपुस्तिका एवं प्रावधिक उत्तर कुंजी अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड ई-मेल आई-डी पर भेजी जाएगी।

27 प्रावधिक उत्तर परीक्षोपरान्त आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

28 परीक्षा उपरांत परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की प्रावधिक उत्तर-कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित कर ऑनलाइन पद्धति से 07 दिवस की अवधि में आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा। प्रति प्रश्न आपत्ति हेतु 100 रुपये शुल्क देय होगा तथा प्रति सत्र पोर्टल शुल्क 40 रुपये पृथक से देय होगा। आपत्ति हेतु दिया गया शुल्क आपत्ति के सही पाए जाने पर अभ्यर्थी के बैंक खाते में ऑनलाइन पद्धति से वापस किया जाएगा। पोर्टल शुल्क किसी भी स्थिति मे वापस नहीं किया जाएगा।

प्राप्त आपत्तियों पर आयोग द्वारा गठित विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाएगा। समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नलिखित अनुसार कार्यवाही की जाएगी :-

1. ऐसे प्रश्न जिनका प्रावधिक कुंजी में गलत उत्तर दिया गया है और प्रश्न के वैकल्पिक उत्तरों में दूसरा सही उत्तर उपलब्ध है तब प्रावधिक कुंजी को संशोधित किया जाएगा।
2. आपत्तियों के आधार पर निम्नलिखित अनुसार पाए गए प्रश्नों को प्रश्नपत्र से विलोपित किया जाएगा :-
   क. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में सही उत्तर न हो।
   ख. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर हों या एक से अधिक विकल्पों में उत्तर की पुनरावृत्ति हो।
   ग. प्रश्न के हिन्दी तथा अँग्रेजी अनुवाद में भिन्नता हो जो प्रश्न को सार्थक रूप से प्रभावित करता हो।

विषय विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात मॉडल कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित की जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड होने के पश्चात कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपरोक्तानुसार समिति द्वारा विलोपित किए गए प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

परिशिष्ट-4

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) तथा उप पुलिस अधीक्षक (कम्प्यूटर) परीक्षा - 2021

परीक्षा योजना

(अ) अंक योजना

प्रश्नपत्र	पूर्णांक	अवधि
खण्ड 'अ' - मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान	150	3 घंटे
खण्ड 'ब' - संबन्धित अभियांत्रिकी विषय	300	
योग	450	
साक्षात्कार	50	
कुल अंक	**500**	

(ब) प्रश्नपत्र योजना

1. खण्ड (अ) विषय- मध्यप्रदेश का सामान्य ज्ञान के 35 प्रश्न, भारत का सामान्य ज्ञान-10 प्रश्न, विश्व का सामान्य ज्ञान 5 प्रश्न, इस प्रकार खण्ड-अ में 50 प्रश्न होंगे तथा खण्ड-(ब) में विषय से संबंधित प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होंगे। इस प्रकार प्रश्नपत्र में 150 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का होगा। इस प्रकार प्रश्नपत्र का पूर्णांक 450 अंकों का होगा।
2. प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) प्रकार का होगा। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प (A,B,C,D) होंगे। अभ्यर्थी को उक्त विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करना होगा।
3. प्रश्नपत्र की अवधि 3 घंटे की होगी। प्रश्नपत्र का खण्ड 'अ' के 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का होगा। खण्ड 'ब' में संबंधित विषय के 100 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का होगा।
4. प्रश्नपत्र के दो भाग होंगे- भाग-(अ) सामान्य ज्ञान के प्रश्नपत्र में 40 प्रतिशत अंक एवं भाग-(ब) विषय से संबंधित 40 प्रतिशत अंक पृथक-पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार मेरिट दोनों खण्डों के अंकों को जोड़कर बनेगी। ऑनलाइन परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन (3R-W)= प्राप्तांक पद्धति से होगा।

   {R = सही उत्तरों की संख्या, W = गलत उत्तरों की संख्या}

   अर्थात् प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदाय किए जाएंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।
5. प्रश्नपत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगा।

साक्षात्कार :- साक्षात्कार 50 अंकों का होगा। साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित नहीं हैं।

(स) चयन प्रक्रिया

1. चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में एक प्रश्नपत्र की ऑनलाइन पद्धति से कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।
2. परीक्षा उपरांत परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की प्रावधिक उत्तर कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com** पर प्रकाशित कर ऑनलाइन पद्धति से 07 दिवस की अवधि में आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा। प्रति प्रश्न आपत्ति हेतु 100 रुपये शुल्क देय होगा तथा प्रति सत्र पोर्टल शुल्क 40 रुपये पृथक से देय होगा। आपत्ति हेतु दिया गया शुल्क आपत्ति के सही पाए जाने पर अभ्यर्थी के बैंक खाते में ऑनलाइन पद्धति से वापस किया जाएगा। पोर्टल शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

   प्राप्त आपत्तियों पर आयोग द्वारा गठित विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाएगा। समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नलिखित अनुसार कार्यवाही की जाएगी :-
   1. ऐसे प्रश्न जिनका प्रावधिक कुंजी में गलत उत्तर दिया गया है और प्रश्न के वैकल्पिक उत्तरों में दूसरा सही उत्तर उपलब्ध है तब प्रावधिक कुंजी को संशोधित किया जाएगा।
   2. आपत्तियों के आधार पर निम्नलिखित अनुसार पाए गए प्रश्नों को प्रश्नपत्र से विलोपित किया जाएगा :-
      क. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में सही उत्तर न हो।
      ख. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर हों या एक से अधिक विकल्पों में उत्तर की पुनरावृत्ति हो।
      ग. प्रश्न के हिन्दी तथा अँग्रेजी अनुवाद में भिन्नता हो जो प्रश्न को सार्थक रूप से प्रभावित करता हो।

   विषय विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात मॉडल कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित की जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड होने के पश्चात कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपरोक्तानुसार समिति द्वारा विलोपित किए गए प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्तांक के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न प्रवर्गों हेतु विज्ञापित रिक्तियों के अधिकतम 3 गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु सफल घोषित किया जाएगा।
4. परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु आवेदक को ऑनलाइन परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' में पृथक-पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश के अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 10-10 प्रतिशत अंकों की छूट दी जाएगी इस प्रकार उक्त श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
5. ऑनलाइन परीक्षा परिणाम के साथ ही अभिलेख प्रेषण हेतु अंतिम तिथि निर्धारित कर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से उनकी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेख प्राप्त किए जाएंगे तथा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा जो अभिलेखों की सूक्ष्म जांच उपरान्त अर्ह पाए जाएंगे।
6. साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिए अनर्ह माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए आवेदकों को बुलाने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। अर्हताधारी अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से ई-मेल/SMS द्वारा सूचना भेजी जाएगी। आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mpppsc.com** पर भी उपलब्ध रहेगा।।
7. उपरोक्त पदों पर अंतिम चयन ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के श्रेणीवार गुणानुक्रम के आधार पर होगा।
8. आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

जी-13809/45617/2021 **परीक्षा नियंत्रक**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रमांक-1, सिवनी
निविदा सूचना

निविदा आमंत्रण क्र. 04/2781/व.ले.लि./2021-22 **सिवनी, दिनांक 17.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	अनुमा. लागत (लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता
1.	2021_PWD RB_147241	बी.टी. पेच	लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच रिपयेर का कार्य।	चतुर्थ	2000/-	20.00 लाख	40000/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
2.	2021_PWD RB_147243	बी.टी. रिनीवल	लोनिवि उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अंतर्गत रेस्ट हाउस बरघाट पहुंच मार्ग लं. 0.50 कि.मी. एवं सिवनी शहर आंतरिक पहुंच मार्ग लं. 0.79 कि.मी. में ओजीपीसी सील कोट सहित बी.टी. रिनीवल कार्य।	तृतीय	2000/-	8.39 लाख	16780/-	01 माह वर्षाऋतु छोड़कर	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
3.	2021_PWD RB_147245	ए.आर.	उपसंभाग क्र.-1 सिवनी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मेटल, मुरूम एवं डस्ट का आपूर्ति का कार्य।	तृतीय	2000/-	5.00 लाख	10000/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
4.	2021_PWD RB_147248	ए.आर.	उपसंभाग क्र.-2 सिवनी के अंतर्गत पुल-पुलियों एवं मार्गों का मरम्मत कार्य (अनुरक्षण मद)।	तृतीय	2000/-	18.00 लाख	36000/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
5.	2021_PWD RB_147250	रैनो-वेशन	उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अंतर्गत लोनिवि कॉलोनी केम्पस स्थित 2 नग जी-टाईप आवासगृह का रैनोवेशन कार्य।	द्वितीय	2000/-	8.92 लाख	17840/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
6.	2021_PWD RB_147255	बी.टी. रिनीवल	लोनिवि उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत घोघरीमाल खमरिया मार्ग लं. 9.40 कि.मी. में बिटुमन कांक्रीट सहित बी.टी. रिनीवल एवं घंसौर साल्हेपानी मार्ग लं. 7.00 कि.मी. एवं भुरकुण्डी दोदोवानी आमानाला मार्ग लं. 3.97 में ओजीपीसी सील कोट सहित बी.टी. रिनीवल कार्य।	द्वितीय	12500/-	175.80 लाख	175800/-	03 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लोनिवि जबलपुर
7.	2021_PWD RB_147259	डिपा-जिट	लोनिवि उपसंभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत न्याय विभाग सिवनी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के एस.आर. एमओडब्ल्यू एवं डिपाजिट कार्य।	प्रथम	2000/-	20.00 लाख	40000/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
8.	2021_PWD RB_147260	डिपा-जिट	लोनिवि उपसंभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत जिला जेल सिवनी के आवासीय भवनों एवं नाली मरम्मत कार्य।	प्रथम	2000/-	9.65 लाख	19300/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
9.	2021_PWD RB_147261	डिपा-जिट	लोनिवि उपसंभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय कांहीवाड़ा में एस.आर. एमओडब्ल्यू कार्य।	प्रथम	2000/-	20.00 लाख	40000/-	दिनांक 31.03.22 तक	कार्यपालन यंत्री लोनिवि (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
		योग - 9 कार्य				**285.76 लाख**			

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि **07.07.2021 (17.30 बजे)** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि/20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नहीं किये जावेंगे, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन ही अपलोड किये जायेंगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड नहीं किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। इलेक्ट्रॉनिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। इलेक्ट्रॉनिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-13610/45610/2021 **लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र-1, सिवनी**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking) (Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE : 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.), Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in (CIN : U51102MP1977SGC001392)

No. MPIDC/RO/IND/TECH/21/7282 **Date : 25.06.2021**

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from Experienced Agencies in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the follwing works :-

S. No.	Name of Work	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form	Last date of Submission
1.	Mechanical road sweeping, manual litter picking & cleaning of road at Industrial Area Pithampur all sectors Distt. Dhar	316000/-	17700/- (i/c GST)	16.07.2021
2.	Providing and Laying of ductile Iron 350mm dia K-9 pipe line at Industrial area – 2, Dhar, M.P.	33100/-	5900/- (i/c GST)	16.07.2021

The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.** Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/101111/R-45631/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां. विभाग, खंड मुरैना (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07532-233393

क्रमांक 3223/तक./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड/मुरैना/2021 **दिनांक 15.06.2021**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग के नवीन केंद्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम - मुरैना जिले के विकासखंड सबलगढ़, अम्बाह, पोरसा एवं जौरा में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग की नलजल योजनाओं में टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने एवं घरेलु नल कनेक्शन इत्यादि सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य।

क्र.	निविदा क्रमांक	ई-निविदा सिस्टम क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	36/2021-22	2021_PHED_146894_1	मुरैना जिले के विकासखंड अम्बाह के ग्राम बडफरा की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	268.14	268140/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
2.	37/2021-22	2021_PHED_146899_1	मुरैना जिले के विकासखंड पोरसा के ग्राम उसैद की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	262.32	262320/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
3.	38/2021-22	2021_PHED_146912_1	मुरैना जिले के विकासखंड जौरा के ग्राम बागचीनी की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	299.69	299690/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
4.	39/2021-22	2021_PHED_146914_1	मुरैना जिले के विकासखंड सबलगढ़ के ग्राम रामपुरकलां की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	370.23	370230/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
5.	40/2021-22	2021_PHED_146925_1	मुरैना जिले के विकासखंड जौरा के ग्राम चैना, चिरेतिनी, गांगौलीहार एवं बरौली की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	363.93	363930/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
6.	41/2021-22	2021_PHED_146931_1	मुरैना जिले के विकासखंड जौरा के ग्राम देवरी, हंडवासी, उरेहडी एवं उम्मेदगढ़वासी की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	453.59	453590/-	15000/- + पोर्टल चार्ज
7.	42/2021-22	2021_PHED_146957_1	मुरैना जिले के विकासखंड जौरा के ग्राम घुर्रा, जाफरावाद, जरैना, ककरधा एवं पायथा की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने, जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिवल मोटरपंप डालने का कार्य।	401.28	401280/-	15000/- + पोर्टल चार्ज

ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल स्टार्ट तिथि- 15.06.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल एंड तिथि - **30.06.2021**
ई-निविदाएं ऑनलाइन बिड सम्मिसन स्टार्ट तिथि- 15.06.2021
ई-निविदायें ऑनलाइन बिड सम्मिसन एंड तिथि - **30.06.2021**

कार्यपालन यंत्री
जी-13573/45608/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड मुरैना (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, हरदा
निविदा सूचना
केंद्रीयकृत संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 03/ब.ले.लि./2021-22, **हरदा, दिनांक 18.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_147543	हरदा	ऑक्सीजन पाइप लाइन कार्य	हरदा जिले में स्थित जिला अस्पतालों में आईसीयू/एचडीयू/पीआईसीयू निर्माण एवं पीडियाट्रिक वार्ड तथा अन्य वार्डों में ऑक्सीजन पाइप लाइन का कार्य।	द्वितीय आमंत्रण	रु. 125.42 लाख

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 28.06.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13592/45609/2021 **लो.नि.वि. संभाग, हरदा (म.प्र.)**

टीकाकरण महाअभियान

कोरोना महामारी से बचाव के लिए संजीवनी बूटी है वैक्सीन - मुख्यमंत्री

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के नसरुल्लागंज जनपद के ग्राम पीपलानी और सिराली में कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत चल रहे टीकाकरण की गतिविधियां देखीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोविड का टीका ही कोरोना महामारी से बचाव की संजीवनी बूटी है। श्री चौहान ने बताया कि टीकाकरण महाअभियान के तहत प्रदेश में लक्ष्य से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है। सीहोर जिले में लक्ष्य से अधिक 46 हजार 264 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के इस महाअभियान को सभी ने सफल बनाने में सहयोग दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, जन-प्रतिनिधियों, नागरिकों और समाजसेवियों को बधाई दी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निःशुल्क वैक्सीनेशन की जो व्यवस्था की है, उससे न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरा राष्ट्र कोरोना संक्रमण से बच सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के लिये जनभागीदारी के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने इस महाअभियान में जनभागीदारी से जुड़े सभी वर्गों के प्रति आभार माना है। सभी के सहयोग से टीकाकरण महाअभियान सफल हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि कोविड वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और यह कोरोना संक्रमण को शरीर के अंदर ही खत्म कर देती है। इसलिए झूठी अफवाह और भ्रांतियों पर ध्यान न देकर कोविड का टीका लगवाएं और सुरक्षित रहें। वैक्सीन सुरक्षा कवच है। इसे आप भी लगवायें और दूसरों को भी वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम तीसरी लहर को आने ही न दें इसके लिए कोविड का टीका लगवाएं, दो गज की दूरी, मास्क और कोरोना उपयुक्त व्यवहार अपनाएं। कोरोना की तीसरी लहर से प्रदेशवासियों को बचाने के लिये टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के सभी अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

निर्बाध गति से होगा अधोसंरचनात्मक विकास

दतिया, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि दतिया में निर्बाध अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य चलते रहेंगे। डॉ. मिश्रा ने जिला चिकित्सालय दतिया को रोगी कल्याण समिति की ओर से भेंट की गई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डॉ. मिश्रा ने दतिया को विभिन्न सौगातें प्रदान करते हुए कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिये किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जखौरिया-सिरौल की सड़क तो करोड़ों रुपये की लागत से बनेगी, साथ ही जखौरिया में ट्रांसफार्मर भी स्थापित होगा। ट्रांसफार्मर स्थापित होने के साथ ही एक माह की अवधि में मुक्ति धाम का निर्माण भी किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार सभी के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषकों को सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। गांवों में सड़कों का निर्माण किया जाकर उन्हें मुख्य मार्गों से जोड़ा जा रहा है। असामयिक मृत्यु पर परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रकार से सरकार कदम दर कदम जनता के साथ खड़ी है।

गृह मंत्री ने जिला चिकित्सालय दतिया को मिली 5 लाख रुपये लागत की नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान

कोरोना मुक्ति में होगी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 'युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान' के अंतर्गत विद्यार्थियों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, 'युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान' के माध्यम से प्रदेश के महाविद्यालयों के लगभग 10 लाख विद्यार्थी कोरोना मुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे लोगों को कोविड अनुकूल व्यवहार एवं टीकाकरण के लिए जागरूक करेंगे। दूसरे चरण में निजी महाविद्यालयों के लगभग 8 लाख विद्यार्थियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिए जाकर उनके माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 'युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान' के अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मैंने वैक्सीन लगवाया है, आप भी वैक्सीन लगवाएं

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से बातचीत भी की। सभी विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने स्वयं एवं अपने परिवारजनों को वैक्सीन लगवाया है और दूसरों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका नारा है 'मैंने वैक्सीन लगवाया है, आप भी वैक्सीन लगवाएं तथा स्वयं एवं परिवार को कोरोना से सुरक्षित करें।'

श्री चौहान ने आष्टा शासकीय महाविद्यालय की सुश्री मेघा मेवाड़ा, माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन की सुश्री नन्दिनी, शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर के श्री तन्मय तथा शासकीय महाविद्यालय वड़वानी की सुश्री पूजा अग्रवाल से बातचीत की। सभी ने कोरोना संक्रमण काल में ओपन बुक पद्धति से परीक्षाएं कराए जाने के कार्य की भी सराहना की।

क्या है अभियान

उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के माध्यम से कोविड अनुकूल व्यवहार एवं कोविड वैक्सीनेशन में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं यूनीसेफ के राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा सभी जिलों के लीड कॉलेजों, इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्यों एवं जिला टीकाकरण अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले के महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित प्राध्यापकों द्वारा अधिकतम 50-50 विद्यार्थियों के समूहों में विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण प्रारंभ किया गया है। इसमें विद्यार्थियों को कोविड अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। अभियान 30 दिवस जारी रहेगा तथा प्रतिदिन 1-1 घंटे के 2 सत्र सभी संस्थाओं में होंगे।

मध्यप्रदेश में समय से पूरी की जाएं सभी सीवरेज परियोजनाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नगरीय सीवरेज परियोजनाओं के कार्य एवं प्रगति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में स्वीकृत सभी सीवरेज परियोजनाओं का कार्य समय से पूर्ण किया जाए। परियोजनाओं को स्वीकृत करने से पहले उनकी उपादेयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। जनता के धन का बिल्कुल भी अपव्यय नहीं होना चाहिए। कार्यों की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश की नगरीय सीवेरज परियोजनाओं के कार्य एवं प्रगति की समीक्षा करते हुये कहीं।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्ष 2015 से अभी तक 5,631 करोड़ रुपये की लागत की 54 सीवरेज परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 10 पूर्ण हो गई हैं, 37 प्रगतिरत हैं तथा 7 परियोजनाओं की निविदा/डीपीआर प्रक्रिया जारी है। इन परियोजनाओं में अभी तक कुल 2,863 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं।

1159.44 करोड़ रुपये की 10 सीवेरज परियोजनाएं पूर्ण

प्रदेश में 1159.44 करोड़ रुपये लागत की 10 सीवरेज परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। ये परियोजनाएं सीहोर, विदिशा, खरगोन, देवास, इंदौर (दो परियोजनाएं), ग्वालियर (मुरार), मुरैना, बुरहानपुर तथा नीमच जिलों में हैं।

मार्च 2022 तक 13 परियोजनायें पूर्ण करने का लक्ष्य

प्रदेश में 13 सीवरेज परियोजनाएं जून 2021 से मार्च 2022 तक पूरी कर ली जाएंगी। ये परियोजनाएं हैं ग्वालियर (लश्कर-3, लक्ष्य जून-2021), रतलाम, धरमपुरी, बुधनी (लक्ष्य सितम्बर 2021), भिंड, अमरकंटक, ओंकारेश्वर (लक्ष्य दिसम्बर 2021) दतिया, गुना, भोपाल (कोलार), भोपाल (भोजवेटलैंड), अंजड तथा छिंदवाड़ा (लक्ष्य मार्च 2022)।

मार्च 2023 तक 22 परियोजनाएं पूर्ण करने का लक्ष्य

प्रदेश की 22 सीवरेज परियोजनाएं जून 2022 से मार्च 2023 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। ये परियोजनाएं हैं सागर, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल (शाहपुरा), सांईखेड़ा, बड़वाह, महेश्वर, नसरुल्लागंज, शाजापुर, मंडलेश्वर, चित्रकूट, डिंडोरी, नेमावर (लक्ष्य जून 2022), भेड़ाघाट (लक्ष्य सितम्बर 2022), कटनी, सिंगरौली, होशंगाबाद, बड़वानी, सेंधवा, नरसिंहपुर, मंडला, (लक्ष्य दिसम्बर 2022) तथा रीवा परियोजना (लक्ष्य मार्च 2023)।

जून 2023 तक पूर्ण करें 9 परियोजनाएं

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 9 परियोजनाओं को जून 2023 तक पूर्ण कर लिया जाए। ये परियोजनाएं हैं- सनावद, शहडोल, सतना, सांची, धामनोद, नागदा, खजुराहो, राजनगर तथा मैहर परियोजना।

रोज़गार गतिविधियों के सृजन से आत्मनिर्भर बनेगा मध्यप्रदेश

एक लाख युवाओं को रोज़गार मुहैया कराने का लक्ष्य

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का मुख्य लक्ष्य रोज़गार गतिविधियों का अधिकाधिक सृजन है। इसके लिए गठित अंतर्विभागीय समूह द्वारा कार्ययोजना तैयार कर कार्य प्रारम्भ कर दिए गये हैं। इससे राज्य शासन के एक लाख युवाओं को रोज़गार मुहैया करने के लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त किया जाएगा। ये बातें लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने रोज़गार समूह की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

कोरोना कर्फ्यू से रोज़गार के क्षेत्र पर हुये असर के लिये सरकार ने उठाये कदम

श्री भार्गव ने कहा कि कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए लगाए गये कोरोना कर्फ्यू से रोज़गार, स्व-रोज़गार क्षेत्र पर हुये असर का सामना करने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, पर्यटन विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा रोज़गारमूलक गतिविधियों का रोडमैप तैयार कर कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है।

प्रवासी श्रमिकों के लिये प्रारंभ किया गया श्रमिक पोर्टल

श्रम विभाग द्वारा कोविड-19 की प्रथम लहर के बाद ही प्रवासी श्रमिक पोर्टल प्रारम्भ कर दिया गया था। इसके साथ ही जून 2021 से रोज़गार सेतु पोर्टल प्रारम्भ कर श्रम कानूनों को भी सरल बनाया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पारम्परिक उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्म तथा स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री की ऑनलाइन मार्केटिंग की व्यवस्था की गई है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दिया जा रहा है बढ़ावा

सूचना प्रौद्योगिक विभाग द्वारा सिंगल विंडों, डिजिटल लॉकर्स पोर्टल तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। टूरिज़्म के माध्यम से रोज़गार सृजन के लिए टूरिज़्म इंस्टीट्यूट में हॉस्पिटिलिटी कोर्स को सम्मिलित कराने की कार्रवाई की गई।

वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडेक्ट प्लान पर की जा गई है कार्यवाही

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा जिला स्तरीय विशेषताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडेक्ट' प्रमोशन प्लान पर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही वाराणसी- मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर, इंदौर-विशाखापट्नम औद्योगिक कॉरिडोर का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रदेश में 20 नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कार्यवाही की जा रही है।

इन गतिविधियों से प्रदेश से बड़े स्तर पर स्व-रोज़गार गतिविधियों का सृजन होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सबको वैक्सीन
मुफ्त वैक्सीन

धन्यवाद मोदी जी!

दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त टीकाकरण अभियान

कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा

- भारत में 18 वर्ष की उम्र से ज्यादा के हर व्यक्ति का नि:शुल्क टीकाकरण
- अब तक 45 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए टीके मुफ्त थे
- सरकार द्वारा संचालित टीकाकरण केंद्रों में मुफ्त लगेगी वैक्सीन
- भारत सरकार, सभी राज्यों को मुफ्त टीके उपलब्ध करा रही
- अब तक 30 करोड़ वैक्सीन डोज दे चुकी केंद्र सरकार
- भारत में तीन टीकों को मंजूरी, कई नए टीके मंजूरी की प्रक्रिया में

टीका लगवाएं, सुरक्षित रहें

- टीके सुरक्षित हैं, अफवाहों पर ध्यान न दें
- रजिस्टर करने के लिए www.cowin.gov.in पर जाएं और
- टीकाकरण केंद्रों और टीकों पर पूरी जानकारी पाएं
- टीकाकरण के बाद भी कोविड-नियमों का पालन करें

"केंद्र सरकार हर भारतवासी को मुफ्त वैक्सीन का कार्यक्रम शुरु कर रही है। वैक्सीन अभियान के इस चरण से सबसे बड़ा लाभ गरीबों, मध्यम वर्ग, देश के युवाओं को होगा। हम भारतवासी वैक्सीन लगवाएंगे और मिलकर कोरोना को हराएंगे।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कोरोना को हराना है, अपनी बारी आने पर टीकाकरण जरूर कराना है।

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

अनूप चंद पाण्डेय

पूर्व आईएएस चुनाव आयुक्त नियुक्त

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अनूप चंद्र पाण्डेय को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने 1994 बैच के उत्तरप्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी पाण्डेय की चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति के आदेश दिये हैं। मंत्रालय के अनुसार इस बावत् विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई। उनकी नियुक्ति पदभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी।

अब्दुल्ला शाहिद

मालदीव के विदेश मंत्री बने यूएनजीए के अध्यक्ष

मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया। उन्हें 143 मत मिले हैं। वे सितंबर में शुरू होने वाले सत्र की अध्यक्षता करेंगे। चुनाव में शाहिद के साथ ही अफगानिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री डॉक्टर जलमई रसूल भी उम्मीदवार थे, उन्हें 48 मत मिले। ज्ञात रहे कि महासभा के अध्यक्ष पद के लिये हर साल गुप्त मतदान के जरिये चुनाव किया जाता है। शाहिद, तुर्की के राजनयिक का स्थान लेंगे।

समुद्री स्नोट ने

तुर्की के सी ऑफ मारमारा को ढंका

तुर्की के सी ऑफ मारमारा को समुद्री गोंद या समुद्री स्नोट ने ढंक लिया है। इससे बड़ी तादाद में समुद्री जीवों के मरने की आशंका जताई जाने लगी है। जैली के जैसा यह पदार्थ उस समय पैदा होता है, जब जलवायु परिवर्तन और जल प्रदूषण की वजह से शैवाल पोषक तत्वों से भर जाता है। तुर्की के राष्ट्रपति तैयप रेसेप एर्दोगान इस आपदा से परेशान हैं। उन्होंने समुद्र बचाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। तुर्की में सी स्नोट का पहला मामला वर्ष 2007 में आया था, लेकिन इस साल यह बहुत ज्यादा बढ़ गया है। यह अब काला सागर और ऐरगिआन समुद्र में भी फैलने लगा है।

'मगावा'

कंबोडिया में हजारों जान बचाने वाला चूहा हुआ रिटायर

कंबोडिया में मगावा नाम का चूहा पांच साल की सर्विस के बाद रिटायर होने जा रहा है। इस चूहे ने सूंघने की क्षमता का उपयोग करके 1.4 लाख वर्ग मीटर तकरीबन 20 फुटबॉल पिच जितनी जमीन को बारूदी सुरंग मुक्त बनाने में सहायता की है। मगावा अभी तक करीब 71 लैंडमाइन्स और 38 जिंदा विस्फोटकों का भी पता लगा चुका है। मगावा ब्रिटिश चैरिटी द्वारा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। इसे जहां भी लैंडमाइन का शक होता ये वहीं रुक जाता है और मिट्टी खोदने लगता है।

गोसिअमे थमारा सितोले

एक साथ दस बच्चों को दिया जन्म, बना रिकॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका में 37 वर्षीय महिला गोसिअमे थमारा सितोले ने एक साथ 10 बच्चों को जन्म देकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सात बेटे और 3 बेटियों को जन्म दिया। ये बच्चे 7 जून को प्रिटोरिया में सीजेरियन विधि से जन्मे हैं। शुरू से डॉक्टरों को 6 बच्चों का गर्भ में होने का अंदेशा था। रिटेल स्टोर मैनेजर का काम करने वाली गोसिअमे ने इससे पहले 6 साल पूर्व जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था।

अंतरिक्ष यान जूनो

जूपिटर के सबसे बड़े मून गैनीमेड की फोटो भेजी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का भेजा गया अंतरिक्ष यान जूनो दो दशक में पहली बार जूपिटर के सबसे बड़े मून गैनीमेड के नजदीक आया। इस यान ने गैनीमेड की बर्फीली सतह की फोटो भेजी है। जूपिटर के गैनीमेड की भेजी इन दो तस्वीरों का नासा ने अध्ययन शुरू कर दिया है। सैन एंटोनियो में साउथपेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के जूनो प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर स्कॉट बोल्टन ने कहा है कि यह एक जनरेशन में गैनीमेड के पास जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान है।

डेरनेला फ्रेजियर

मिलेगा स्पेशल पुलित्जर अवॉर्ड

अमेरिका की 17 वर्षीय बालिका डेरनेला फ्रेजियर को पुलित्जर अवॉर्ड ज्यूरी ने स्पेशल पुलित्जर अवॉर्ड देने की घोषणा की है। उसने अमेरिका के मिनियोपोलिस में पिछले साल पुलिसकर्मी द्वारा अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड का गला दबाने का वीडियो बनाया था। फ्लॉयड की इस घटना में मौत हो गयी थी। डेरनेला की बहादुरी से बनाया गया वीडियो अदालत में सबूत के तौर पर माना गया। पुलित्जर अवॉर्ड आमतौर पर पत्रकारिता के लिये दिये जाते हैं। इस बार यह स्पेशल दिया गया है।

जाहिद कुरैशी

अमेरिका के पहले मुस्लिम संघीय जज बने

अमेरिकी सीनेट ने पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिक जाहिद कुरैशी के न्यू जर्सी में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में नामांकन को मंजूरी दे दी है। वह देश में पहले मुस्लिम संघीय न्यायाधीश बन गये हैं। सीनेट ने कुरैशी के नाम पर 16 के मुकाबले 81 मतों से मंजूरी दे दी। 34 रिपब्लिकन सांसदों ने भी पहले मुस्लिम-अमेरिकी की संघीय न्यायाधीश के तौर पर मंजूरी दी है।

रूस

फेसबुक और टेलीग्राम पर लगा जुर्माना

रूस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित सामग्री हटाने में विफलता के चलते फेसबुक और टेलीग्राम एप पर जुर्माना लगाया है। मॉस्को की कोर्ट ने फेसबुक पर 1.7 करोड़ रूबल और टेलीग्राम पर 1 करोड़ रूबल का जुर्माना लगाया है। दोनों मंच किस प्रकार की सामग्री हटाने में नाकाम रहे, इसका अभी पता नहीं चला है। इससे पहले 25 मई 2021 को रूसी अधिकारियों ने गैर कानूनी समझी जाने वाली सामग्री नहीं हटाने के मामले में फेसबुक पर 2.6 करोड़ रूबल का जुर्माना लगाया था।

मेघा राजगोपालन और नील खेदी

भारतवंशी पत्रकारों को मिला पुलित्जर अवॉर्ड

भारतीय मूल के दो पत्रकारों मेघा राजगोपालन और नील खेदी को इस वर्ष के प्रतिष्ठित पुलित्जर अवॉर्ड से नवाजा गया है। मेघा ने चीन के डिटेंशन कैंपों का सच उजागर किया था, जहां लाखों उइगर और अन्य अल्पसंख्यक मुसलमानों को कैद किया गया है। नील ने अमेरिकी टम्पाबे टाइम्स के लिये फ्लोरिडा में पद का दुरुपयोग कर बच्चों की तस्करी में शामिल अधिकारियों की करतूत का खुलासा किया था। मेघा ने बजफीड न्यूज के दो पत्रकारों एलिसन किलिंग और क्रिस्टो बुश्चेक के साथ मिलकर रिपोर्ट तैयार की है।

एग्नेस चाउ

हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक जेल से रिहा

हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता एग्नेस चाउ को छह माह जेल के बाद रिहा कर दिया गया है। उन्हें 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भाग लेने का दोषी ठहराया गया था। 24 वर्षीय चाउ को ताई लैम सेंटर फॉर वीमन से निकालते समय मीडिया से बात नहीं करने दी। वे जेल की वैन में सवार होकर बाहर निकल गईं। चीन ने पिछले साल हांगकांग में सख्त राष्ट्रीय कानून लागू कर दिया था।

प्रोफेसर मुकेश शर्मा

आईआईटी प्रोफेसर बने डब्ल्यूएचओ के सलाहकार

आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से जुड़े प्रोफेसर मुकेश शर्मा को डब्ल्यूएचओ के वैश्विक वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य तकनीकी सलाहकार समूह का मानद सदस्य नियुक्त किया गया है। ये वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी मामलों को लेकर लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देंगे। यह जानकारी आईआईटी कानपुर के संबंधित विभाग द्वारा दी गई है।

दिव्या चड्ढा मानेक

ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित

ब्रिटेन की महारानी के जन्मदिन पर कोलकाता में जन्मी दिव्या चड्ढा मानेक को टीका अनुसंधान, विकास और क्लीनिकल ट्रायल में भूमिका तथा महामारी के दौरान सेवाओं के लिये ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की 2021 की सूची में 30 से अधिक भारतवंशियों के नाम हैं।

जेनोरिन स्टीफन अंगकांग

कोफी अन्नान चेंज मेकर्स पहल के लिए चुनी गईं

मणिपुर के उखरुल जिले की जेनोरिन स्टीफन अंगकांग को कोफी अन्नान चेंज मेकर्स 2021 पहल के लिये दुनिया के 12 असाधारण युवा नेताओं में चुना गया है। 29 वर्षीय अंगकांग अंतर्राष्ट्रीय नेताओं के साथ जिनेवा में 28 जून से शुरू होने वाले अंतर पीढ़ीगत संवाद में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वह उखरुल के किसानों के साथ काम करते हुये खाद्य सुरक्षा और स्थानीय समुदाय को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इसमें घाना, मलेशिया, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे, कोलंबिया और अफगानिस्तान से भी युवाओं का चयन किया गया।

ब्राजील में

राष्ट्रपति ने बिना मास्क पहने निकाली बाइक रैली

ब्राजील के साओ पाउलो में हजारों समर्थकों के साथ मोटर साइकिल रैली निकालने के दौरान मास्क नहीं पहनने पर राष्ट्रपति जेयर बोल्सनारो पर करीब 110 डॉलर (8,055 रुपये) का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुये कहा कि वैक्सीनेटेड लोगों के लिये मास्क बेकार है।

निखिल कामथ

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और एनालिस्ट की मदद से ग्रैंड मास्टर को हराया

ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद को चैरिटी शतरंज मैच में बेइमानी से हराकर विवादों में घिरे जिरोढा के को-फाउंडर निखिल कामथ ने मान लिया है कि उन्होंने कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और एनॉलिस्ट की मदद खेल जीतने के लिये ली थी। जिसके बाद वेबसाइट चेस डॉटकॉम ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया। फालोअर्स ने भी निखिल की जमकर आलोचना की है। कोरोना से जंग के लिये फंड जुटाने के लिये खेला गया यह ऑनलाइन गेम सेलेब्रिटी मैच था।

स्मृति शेष

आँखों का पहला बैंक बनाने वाले डॉक्टर मोहन का निधन

80 के दशक में देश को पहला आँखों का राष्ट्रीय बैंक दिलाने वाले वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर मदन मोहन का कोविड महामारी से 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे दिल्ली एम्स के नेत्र विज्ञान केंद्र के 10 वर्ष तक प्रमुख रह चुके हैं। वे तत्कालीन राष्ट्रपति के व्यक्तिगत चिकित्सकीय टीम में भी शामिल थे।

ख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर पनगड़िया का निधन

पद्मश्री और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर अशोक पनगड़िया का जयपुर में 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे हाल में कोविड संक्रमण से मुक्त हुये थे। वे अपने विषय क्षेत्र के विशेषज्ञ माने जाते थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्हें 1992 में राजस्थान सरकार की ओर से मेरिट अवॉर्ड मिला था। 2002 में उन्हें मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने डॉक्टर बी.सी. रॉय अवॉर्ड दिया था। 2014 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया था। उनकी मेडिकल और सोशल सहभागिता के चलते उन्हें यूनेस्को अवॉर्ड भी मिल चुका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अपने मित्रों को उनके दोषों के बारे में बताना ही मित्रता की सबसे कठोर परीक्षा होती है – हैनरी वार्ड बीचर

SHRI REWA GURJAR BAL NIKETAN COLLEGE, SANAWAD
(Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV, Indore)
Khargone Road, Sanawad-451111, Ph. No. : 8989432589
E-mail : srg.college@gmail.com

ADVERTISEMENT FOR PRINCIPAL AND VARIOUS REGULAR FACULTY IN THE COLLEGE

(under code 28 Norms)

Subjects : Botany/Microbiology/Biotechnology/Commerce/Management/Sociology/Mathematics/Political Science/Seeds Technology/Computer/Hindi/English Literature/Chemistry/Zoology/Physics/Horticulture/Sports/Home Science

Posts : Principal/Assistant Professor/Associate Professor/Professor.

For other Course : B.Ed. 16 Posts

*Candidate who are eligible under Code-28 as per UGC Norms of University can apply within 15 days.

R-45618/2021 **PRESIDENT**

For New College

SHRI REWA GURJAR MEDICAL SCIENCE TRAINING AND RESEARCH CENTER BHIKANGAON, DISTT. - KHARGONE
(Approved by MP Nurses Registration Council, Bhopal and Affiliated to MP Medical Science University, Jabalpur)
Kedwa Road, Bhikangaon-451331, Ph. No. : 8989432589
Head Office : SRGBN College, Sanawad
E-mail : srg.college@gmail.com

ADVERTISEMENT FOR B.SC. NURSING & GNM COURSES

Posts : Principal/Vice-Principal/Professor/Reader/Associate Professor/Lecturer/Tutor/Clinical Instructor

Part Time Teachers/External Teachers : Microbiology/Bio-Chemistry/Sociology/Bio-Physics/Psychology/Nutrition/English/Computer/Hindi/Any other language & clinical disciplines/Physical Education.

Other Staff : Administrative Officer/Office Superintendent/Accountant/Cashier/ UDC/LDC/Librarian/Sports Officer/Peon

*Candidate who are eligible as per MPNRC Bhopal Norms can apply within **15 days.**

R-45619/2021 **PRESIDENT**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002, Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 07/2021-22 शहडोल में निर्माण कार्य क्लाईबिंग वॉल (स्पीड, लीड एवं बोल्डरिंग वॉल) सिविल कार्य एवं पांच वर्ष रख-रखाव सहित, बिचारपुर, जिला-शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्रं. 2021_MPPHC_147758_pack1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.07.2021 तक खरीद कर सायं 18:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101068/45627/2021 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय सचिव, म.प्र. स्पेशल एण्ड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी (MPSARAS) द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल

क्रमांक/MP-SARAS/E-Tender/596/693 **भोपाल, दिनांक 17.06.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेन्सियल एकेडमिक सोसाइटी (MP-SARAS) द्वारा ऑनलाइन निविदा के माध्यम से लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई मध्यप्रदेश भोपाल के S.O.R. (01.12.2020 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	कार्य का नाम	ऑनलाइन निविदा का क्रमांक	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता का समय
1.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर, जिला अनूपपुर में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 03 अतिरिक्त कक्ष, 01 प्रयोगशाला, 02 टीचर कॉमन रूम, 01 स्टॉफ रूम, 01 एक्टिविटी रूम, 11 यूनिट सेपरेट टॉयलेट (कन्या छात्रावास में 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम) (वालक छात्रावास में 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम) रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, कम्पोस्ट पिट, दरवाजे एवं खिड़कियों में मच्छर जाली, अग्नि श्रवण यंत्र, आंतरिक सीसी रोड निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य, इंडोर स्पोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_146722_1	418.66 लाख	418660 रुपये	15000 रुपये	08 माह
2.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अगराल, थांदला जिला झाबुआ में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 06 क्लॉस रूम, (कन्या छात्रावास - 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम, 01 स्टोर रूम, 01 हॉस्टल वार्डन रूम) निर्माण कार्य (वालक छात्रावास - 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम, 01 हॉस्टल वार्डन रूम) 01 किचिन के लिये स्टोर रूम, 02 टाईप-2 आवासगृह, 03 टाईप-3 आवासगृह, 01 गेस्ट हाउस, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सी.सी. रोड, नाली निर्माण, इनडोर स्टेडियम निर्माण कार्य एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_146343_1	427.88 लाख	427880 रुपये	15000 रुपये	08 माह
3.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर, जिला सिवनी में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 06 क्लॉस रूम, 02 टीचर कॉमन रूम, 10 सेपरेट टॉयलेट, 02 डोरमेट्री कन्या छात्रावास, 02 डोरमेट्री वालक छात्रावास, 03 टाइप-III क्वार्टर, 01 गेस्ट हाउस, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, मच्छर जाली, 01 कम्पोस्ट पिट, वॉटर सप्लाय एवं सेनीट्रेशन, इंडोर खेल कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_145940_1	429.77 लाख	429770 रुपये	15000 रुपये	08 माह
4.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी, जिला धार में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 01 प्रयोगशाला कक्ष, (कन्या छात्रावास - 01 विजीटर रूम, 01 रीडिंग रूम, 01 स्टोर रूम) 01 किचिन के लिये स्टोर रूम, 02 टाईप-3 आवासगृह, 02 एक्टिविटी रूम, 04 सेपरेट टॉयलेट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कम्पोस्ट पिट, मच्छर जाली, अग्निशमन यंत्र, पेयजल व्यवस्था आंतरिक एवं वाह्य विद्युत कार्य सी.सी. रोड, नाली निर्माण, इनडोर स्टेडियम निर्माण कार्य एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_145928_1	355.11 लाख	355110 रुपये	15000 रुपये	08 माह
5.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर, जिला बैतूल में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 01 प्रयोगशाला, 07 क्लास रूम, 02 टीचर कॉमन रूम, (कन्या छात्रावास में 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम, 01 हॉस्टल वॉर्डन रूम) (वालक छात्रावास में 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम, 01 हॉस्टल वॉर्डन रूम), 01 टाइप-II क्वार्टर, 12 टाइप-III क्वार्टर, 01 गेस्ट हाउस, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, मच्छर जाली, कॉमन एरिया में लाइटिंग, 01 कम्पोस्ट पिट/वॉटर डिस्पोजल सिस्टम, 01 फायर हायड्रेंट, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, वास्केटबॉल मैदान निर्माण, वाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य।	2021_TAD_146432_1	426.25 लाख	426250 रुपये	15000 रुपये	08 माह
6.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली, जिला उमरिया में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 06 क्लास रूम, 02 टीचर्स कॉमन रूम, 02 एक्टिविटी रूम, 07 टाइप 3 क्वाटर, 01 गेस्ट हाउस, सीसी रोड, नाली निर्माण, इंडोर खेल कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_145886_1	331.53 लाख	331530 रुपये	15000 रुपये	08 माह
7.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डिंडौरी, जिला डिंडौरी में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 17 क्लास रूम, 01 कम्पोस्ट पिट/वेस्ट वॉटर डिस्पोजल सिस्टम, सीसी रोड, नाली निर्माण, इंडोर खेल कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_145973_1	295.48 लाख	295480 रुपये	15000 रुपये	08 माह
8.	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझोरा, जिला मण्डला में सी.बी.एस.ई. मापदण्ड अनुसार 04 अतिरिक्त कक्ष, 02 टीचर कॉमन रूम, 02 एक्टिविटी रूम, (कन्या छात्रावास में 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम) (वालक छात्रावास में 03 डोरमेट्री, 01 सिक रूम, 01 विजीटर रूम, 01 कॉमन रूम) रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, कम्पोस्ट पिट, अग्नि श्रवण यंत्र, आंतरिक सीसी रोड निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य, इंडोर स्पोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण एवं वॉलीवाल मैदान निर्माण कार्य।	2021_TAD_146400_1	427.25 लाख	427250 रुपये	15000 रुपये	08 माह

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **mptenders.gov.in** पोर्टल पर दर्शित तिथि तक क्रय की जा सकती है। 2. निविदा का विस्तृत विवरण पोर्टल पर देखा जा सकता है। 3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13665/45614/2021 **जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश**

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
नगरीय निकायों के विद्वान प्रशिक्षण में संलग्नता 95 वर्ष

प्रवेश सूचना

स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
सत्र : जून, 2021 से मई, 2022
अवधि- 1 वर्ष, योग्यता - हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम - हिंदी / अंग्रेजी
सफल उम्मीदवारों हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के विभागों जैसे- नगर निगम, स्वास्थ्य, रेलवे, छावनी परिषद, एयरपोर्ट, बहुउद्देशीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों की संभावना.

लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन कक्षा की सुविधा

शासकीय कर्मचारियों के लिए हॉलिडे बैच की सुविधा

लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा
नगरीय निकायों में राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व अधिकारी पद के लिये अनिवार्य योग्यता
अवधि- 1 वर्ष, योग्यता - हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम - हिंदी / अंग्रेजी

प्रवेश एवं अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :
तृतीय मंजिल, महाराजा कॉम्पलेक्स, कोठारी मार्केट के पास, इन्दौर
Ph.: 0731-2540101, 9826078003, 7000990616, 9522669922
E-mail : indore@aiilsg.org Website: www.aiilsg.org

R-45625/2021

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति खरगोन
जिला- खरगोन (म.प्र.)

क्र/मंडी/नि./2020-21/195 खरगोन, दिनांक : 14.06.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक **2021_MPSAM_144978,** निविदा सिस्टम क्रमांक **2021_MPSAM_146766** के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं **दिनांक 16.07.2021 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/101079/45628/2021 **सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ईमेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680

No./IPRO/E.E./2021/Gwalior/377 Date: 16/06/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

निविदा सूचना क्रमांक **EE./Tender/2021/Gwalior/344/14.06.2021** रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अंतर्गत भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा **2021_RVSKV_146991_1, 2021_RVSKV_146992_1, 2021_RVSKV_146993_1, 2021_RVSKV_146994_1** आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि **06.07.2021** तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
R-45626/2021 रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Govt. of M.P. Panchayat & Rural Development Department)
Block- 2, Vth Floor, Paryawas Bhawan, Arera Hill's Jail Road, Bhopal-462011

No. 8367 Bhopal, Dated : 23.06.2021

PRESS NOTICE
RFP No. IN-MPRRDA-240724-CS-QCBS ; Dated : 24.06.2021

Loan No. 8833-IN

The Government of Madhya Pradesh (hereinafter called "Borrower") has received financing from the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) and Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB) (the "Bank") in the form of "Loan" (hereinafter called Loan) towards the cost of Madhya Pradesh Rural Connectivity Project. The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, an implementing agency, intends to apply a portion of the proceeds of this Loan to eligible payments under the contract.

The Client, Project Director MPRCP on behalf of MP Rural Road Development Authority invites online proposals to provide the consultancy services (hereinafter called "Services") : for **Development of Rural Road Asset Management System (RRAMS) on e-procurement portal https://mptenders.gov.in** from **25.06.2021 after 17:00 Hrs.** RFP Document may be viewed and downloaded up to **22.07.2021, 17:30 Hrs.** from the e-procurement portal. More details on the Services and Terms and Conditions may be seen in the RFP Document.

A pre-bid meeting with prospective bidders will be held online on **05.07.2021 from 15:30 Hrs.** through VC (web link will be notified separately on the portal). Pre-bid queries may be sent through e-mail at **"mprcp@rediffmail.com/ gmmprcp@gmail.com".**

(Pankaj Jhawar)
M.P. Madhyam/101088/45629/2021 **PROJECT DIRECTOR (MPRCP)**

एनडीबी के सहयोग से बनने वाले
सड़क और पुल के कार्य समय-सीमा में कराये जायें पूर्ण

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के सहयोग से संचालित सभी 4875 करोड़ रुपये के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में एनडीबी प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये। प्रोजेक्ट के अंतर्गत 2240 करोड़ रुपये की लागत से 741 किलोमीटर लम्बाई की 82 सड़कें तथा 80 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

श्री भार्गव ने कहा कि न्यू डेवलपमेंट बैंक के वित्तीय सहयोग से जिला मार्गों का उन्नयन, नवीनीकरण, पुलों के पुनर्निर्माण के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। इन मार्गों के निर्माण से प्रदेश में यातायात को गति मिलेगी, इसका सीधा लाभ प्रदेश के आर्थिक विकास को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मण्डलोई ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन और न्यू डेवलपमेंट बैंक के बीच वर्ष 2018 में 3250 करोड़ रुपये की राशि से 1905 किलोमीटर के 82 सड़क मार्गों के उन्नयन और नवीनीकरण के लिये तथा 1628 करोड़ रुपये की लागत से 156 पुलों के निर्माण और पुनर्निर्माण की परियोजनाओं का अनुबंध किया गया। इन परियोजनाओं पर व्यय की 70 प्रतिशत राशि न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से मध्यप्रदेश को ऋण के रूप में प्राप्त हुई तथा 30 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा अपने बजट से उपलब्ध कराई गई है।

श्री मण्डलोई ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 1693 करोड़ रुपये की लागत से 741 किलोमीटर लम्बाई वाली 25 सड़कों तथा 547 करोड़ रुपये की लागत से 80 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

विज्ञप्ति

आवेदन की अंतिम तिथि : 24 जुलाई, 2021

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 का 06 माह अवधि का निःशुल्क ऑनलाइन परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु विस्तृत नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

संचालक
राज्य स्तरीय रोज़. एवं प्रशि. केन्द्र (पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.),
जी-13808/45624/2021 भोपाल दूरभाष : (0755) 2763284

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग - टीकमगढ़ (म.प्र.)
PHONE No. : 07683-242321, E-mail : eepwdtikam@mp.nic.in

एनआईटी नं. 04/2021-22/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण दिनांक : 21.06.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

कार्य का नाम :- ग्रुप 'ए' (1) बी.टी. रिन्युवल कार्य बछौड़ा बिरौरा पहाड़ मनेथा उ.प्र. सीमा तक लं. 15.00 कि.मी. (2) पृथ्वीपुर सिमरा मार्ग लं. 7.00 कि.मी. (3) बीजोर पहुंच मार्ग कि.मी. 4/2-4-6, 5 एवं 6 कुल लं. 2.50 कि.मी.

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWDRB_147872	निवाड़ी	167.14	167140/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- ग्रुप 'बी' (1) बी.टी. रिन्युवल कार्य टीकमगढ़ टाउन मार्ग लं. 8.00 कि.मी. (2) दरदरी बहादुरपुर कुम्हड़ी मार्ग लं. 4.20 कि.मी. (3) मोहनगढ़ इकबालपुरा मार्ग लं. 1.80 कि.मी. (4) फुलपुर सिमरिया पिपरट मार्ग लं. 6.38 कि.मी. (5) खरगापुर सरकनपुर मार्ग लं. 2.40 कि.मी.					
2.	2021_PWDRB_147873	टीकमगढ़	191.61	191610/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- ग्रुप 'सी' (1) बी.टी. रिन्युवल कार्य लिघोरा गोटेट चंदेरा मार्ग लं. 13.40 कि.मी. (2) खरगुपुरा तिगैला सगरबाराशाह पठरा बिजरौठा मार्ग लं. 16.23 कि.मी.					
3.	2021_PWDRB_147874	टीकमगढ़	219.72	219720/-	15000/-	04 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- बी.टी. रिन्युवल कार्य जेरौन वासवान मार्ग लं. 32.40 कि.मी.					
4.	2021_PWDRB_147876	निवाड़ी	354.22	354220/-	15000/-	05 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- बी.टी. रिन्युवल कार्य जतारा खरगापुर मार्ग लं. 15.60 कि.मी.					
5.	2021_PWDRB_147877	टीकमगढ़	115.68	115680/-	12500/-	03 माह वर्षाकाल सहित
	योग		**1048.37**	**1048370/-**	**67500/-**	

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 01.07.2021 समय 10:30 से दिनांक 10.07.2021 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13823/45622/2021 लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ़

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, डिण्डौरी (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 10/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/.... जबलपुर, दिनांक 17.06.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
1.	2021_PWPIU_147350_1	ग्राम शाहपुर जिला डिण्डौरी में 06 विस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन (01 जी टाईप आवासगृहों सहित) में उन्नयन निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	डिण्डौरी	111.18	111180/-	12500/-	12 माह वर्षाऋतु सहित	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mpeproc.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 18.06.2021 समय 09.00 से दिनांक 30.06.2021 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-13639/45612/2021 लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.), डिण्डौरी (म.प्र.)

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं. 09/2021/निविदा/सा/एपीडी/ भोपाल, दिनांक : 21.06.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

कार्य का नाम :- जिला वैतूल में शासकीय भवनों के संधारण एवं रखरखाव तथा मुल लघु कार्य द्वितीय आमंत्रण।

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWPIU_144597_2	वैतूल	50.00	50000/-	5000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- कन्स्ट्रक्शन ऑफ फेमिली कोर्ट बिल्डिंग एट डिस्ट्रिक्ट होशंगाबाद (म.प्र.)					
2.	2021_PWPIU_147671_1	होशंगाबाद	125.95	125950/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- जिला विदिशा स्थित स्टेडियम में मल्टीपरपस हॉल परिसर इन्डोर हॉल (ऑप्सन-2) का निर्माण (बैलेंस वर्क)					
3.	2021_PWPIU_147869_1	विदिशा	65.50	65500/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 21.06.2021 समय 10:30 से दिनांक 06.07.2021 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-13812/45623/2021 (मुख्य अभियंता) लो.नि.वि. पीआईयू, भोपाल

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2021-22 **भोपाल, दिनांक : 17.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :- छतरपुर जिले के बारीगढ़-गहवरा-गौरीहार मार्ग के कि.मी. 18 में केल नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु
1.	2021_PWDRB_147280_1	छतरपुर	पुल कार्य	प्रथम	740.99	केवल ऑनलाइन

कार्य का नाम :- रतलाम जिले के अंतर्गत रघुनाथगढ़ डोडियाना मार्ग में मलेनी नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2.	2021_PWDRB_147281_1	रतलाम	पुल कार्य	द्वितीय	648.33	केवल ऑनलाइन
			कुल योग		**1389.32**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 09.07.2021, (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-13671/45615/2021 **लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)**

भीड़-भाड़ से बचें
आदत में बदलाव से ही कोरोना से बचाव

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष : 07642-252443, ई-मेल : eephedmal@mp.nic.in, फैक्स : 07642-253622

निविदा क्र. 56 से 61/2021-22/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2021 **मण्डला, दिनांक : 17.06.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 30.06.2021 सायं 17:30 बजे** तथा निविदा खुलने का **दिनांक 02.07.2021 सायं 12:00 बजे** के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
Name of Work :- Providing Driking Water Facality in **School and Anganwadi** including installation Singal Phase Pump, Pipe Fitting, Tap Connection and Wash basin fitting of HDPE Tank in Different Villages of Various Block of District Mandla.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Block	No. of		Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
			School	Anganwadi				
56/20-21	2021_PHED_147408_1	Mawai	52	40	153.09	153090	12500	
57/20-21	2021_PHED_147409_2	Ghughri	14	12	23.81	47700	5000	3 माह
58/20-21	2021_PHED_147410_1	Bichhiya	62	36	170.57	170570	12500	वर्षाकाल
59/20-21	2021_PHED_147411_1	Narayanganj	47	33	146.88	146880	12500	सहित
60/20-21	2021_PHED_147412_1	Bijadandi	34	16	69.41	69410	10000	
61/20-21	2021_PHED_147414_1	Niwas	66	40	139.64	139640	12500	

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किया जा सकता है।

Member Secretary
District Water and Sanitation Mission
Executive Engineer PHE Division
Mandla District Mandla

जी-13662/45613/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड होशंगाबाद
पुलिस कन्ट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड

दूरभाष क्रमांक : 07574-252571, फैक्स : 07574-253119, Email Address : eephedhos@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

होशंगाबाद जिले के विकासखण्ड बावई के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नवीन नल जल योजनाओं एवं रेट्रोफिटिंग योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य हेतु पाइप लाइन बिछाना, घरेलु नल कनेक्शन, मोटर पंप स्थापना, आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, आर.सी.सी. ब्रिक मेशनरी पंप हाउस निर्माण विद्युत संयोजन कार्य एवं अन्य सिविल कार्य इत्यादि हेतु निम्नलिखित ई-निविदाएं वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

नल कूल का प्रकार एवं संख्या :- Survey, Investigation, Design and Construction of piped water supply schemes (New/Retrofitting schemes) of 06 villages namely **1 Patni, 2 Madhawan, 3 Jhalon, 4 Khairi, 5 Simrodha, 6 Shivpur** of Block - **Babai Distt. Hoshangabad** based on tube wells including installation of electric submersible motor pump, construction of R.C.C. Over head tanks of 12 mtr staging height with required capacities, Construction of RCC cum brick masonry pump houses, providing laying & jointing of rising main and distribution pipe line system, Household tap connections and electric power connections at tube wells including cost of all materials and labour with testing & commissioning and **90 Days** successful Trial Run period of entire schemes.

निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	निविदा की कुल लागत	धरेहार राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
30/2020-21 दि. 17.06.2021 चतुर्थ आमंत्रण	2021_PHED_147560_1	बावई	20581000/-	205810/-	15000/-	270 दिवस वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 29.06.2021 17:00 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.06.2021 17:00 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि **30.06.2021 17:00 बजे तक**
निविदा का विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि निविदा में कोई संशोधन होता है तो वेबसाइट पर देखा जा सकता है, उसका पृथक से प्रकाशन नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13672/45616/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड होशंगाबाद**

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

क्रमांक/स्था./अराज/2021/6267 **जबलपुर, दिनांक : 21.06.2021**

विज्ञप्ति सूचना पत्र

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-06/2018/1-55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सा सेवा आदर्श सेवा नियम 2018 एवं संचालनालय चिकित्सा म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 526/स्था/अराज/2021 भोपाल दिनांक 24.05.2021 द्वारा प्राप्त सह-चिकित्सकीय संवर्ग की अनुसूचियों के आधार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के रिक्त पदों पर अभ्यार्थियों के आवेदन एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त कर भर्ती परीक्षा के आधार पर एम.पी. ऑनलाइन द्वारा प्रवीण्य सूची तैयार की जानी है। इस हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के पदों तथा आवेदन का प्रारूप एम.पी. ऑनलाइन की वेवसाइट **www.mponline.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा तथा आवेदन की **अंतिम तिथि दिनांक 20.07.2021 समय रात्रि 12:00 बजे तक** ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु **www.mponline.gov.in** अथवा **www.nscbmc.ac.in** पर visit करें।

पदनाम :- फार्मासिस्ट ग्रेड-2 (सीधी भर्ती द्वारा)
रिक्त पदों की संख्या :- 06

स. क.	श्रेणी	बिना वर्ग		भूतपूर्व सैनिक		दिव्यांग		योग	रिमार्क
		ओपन	महिला	ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1.	अनारक्षित	01	01	00	00	00	00	02	
2.	अनुसूचित जाति	01	00	00	00	00	00	01	
3.	अनुसूचित जनजाति	01	01	00	00	00	00	02	निरंक
4.	अन्य पिछड़ा वर्ग	01	00	00	00	00	00	01	
5.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	00	00	00	00	00	00	00	
योग:-		**04**	**02**	**00**	**00**	**00**	**00**	**06**	

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-13759/45620/2021 **नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर**

मंत्रिपरिषद के निर्णय

सर्व संसाधन युक्त विद्यालयों के लिए 6952 करोड़ रूपये की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में सर्व संसाधन युक्त विद्यालयों के लिए 6952 करोड़ रुपये की सहमति दी। इन विद्यालयों का उद्देश्य यह है कि लगभग प्रत्येक बसाहट के 15 किलामीटर के दायरे में एक उच्च गुणवत्ता का विद्यालय प्रदेश के विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध हो, ताकि शैक्षणिक वातावरण में सुधार कर विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जा सके। प्रदेश में कुल 9200 विद्यालयों को सर्व संसाधन युक्त विद्यालय के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। जिसमें से प्रथम चरण में 350 (254 स्कूल शिक्षा विभाग एवं 96 आदिम जाति कल्याण विभाग के विद्यालय) विद्यालयों को तीन वर्ष में तथा शेष 8850 विद्यालयों को आगामी वर्षों में सभी 9200 विद्यालयों को सर्व संसाधन सम्पन्न बनाया जाना प्रस्तावित है। मंत्रपरिषद की बैठक में लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- प्रथम चरण में प्रत्येक जिला स्तर पर एक विद्यालय (52 विद्यालय), जिला मुख्यालय वाले विकासखंड को छोड़कर अन्य सभी विकासखंड स्तर पर एक विद्यालय (261 विद्यालय) तथा बड़े नगरों एवं सुविधाविहीन स्थानों में 37 विद्यालय स्थापित किए जायेंगे।
- पूर्व प्राथमिक से कक्षा 12वीं तक संचालित होने वाले इन विद्यालयों में सर्व सुविधायुक्त अधोसंरचना, गुणवत्ता युक्त स्मार्ट कक्षाएं सभी प्रकार की प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कला, संगीत, खेलकूद एवं परिवहन सुविधा इत्यादि की व्यवस्था रहेगी।
- मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि नर्मदा घाटी विकास विभाग को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के लिए आवंटित राशि 300 करोड़ रुपये को नर्मदा बेसिन प्रोजक्ट्स कंपनी लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाए।
- मंत्रिपरिषद ने सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के 33 रिक्त पदों को समर्पित कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण 1989 के अंतर्गत गठित विशेष न्यायालय के समक्ष अभियोजन संचालन के लिये जिला लोक अभियोजन अधिकारी (सातवें वेतनमान अनुसार 56100-177500) के 33 नये पदों के सृजन की स्वीकृति दी।
- कोविड-19 महामारी की द्वितीय लहर से अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके फलस्वरूप रेत खदानों के संचालन में वैधानिक कठिनाईयां उत्पन्न होने से बाजार में रेत खनिज की मांग उतनी नहीं है, जितनी की नीलामी के समय संभावना थी।
- मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के अंतर्गत रेत खनिज के स्वीकृत ठेकों को कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत रेत खदानों के सुचारु संचालन के लिए निविदाकारों को राहत देने के उद्देश्य से मंत्रिपरिषद द्वारा विभिन्न निर्णय लिये गये। इसके अंतर्गत रेत समूह के ठेकेदारों द्वारा माह मई से सितंबर 2021 की मासिक देय किश्त राशि का न्यूनतम 50 प्रतिशत राशि का भुगतान माह के प्रथम दिवस में देय होगा।
- माह मई 2021 में उपरोक्त जमा राशि की मात्रा एवं पूर्व में उपलब्ध स्टॉक से अधिक मात्रा की रेत की विक्री करने की स्थिति में ठेकेदार को माह मई 2021 की जमा किश्त राशि से अधिक विक्रित मात्रा की राशि माह जून, 2021 के प्रथम दिवस को (पे एस यू गो) के सिद्धान्त के आधार पर जमा कराई जाए। माह के लिए जमा की जाने वाली कुल राशि मासिक देय किश्त से अधिक नहीं होगी। यही प्रक्रिया आगामी माहों के लिये भी लागू होगी। शेष राशि को बिना ब्याज के विलम्बित किया जाएगा।
- जिन रेत समूहों के ठेके 30 जून, 2023 तक अनुबंधित हैं, उनसे विहित प्रावधानानुसार विलम्बित राशि की वसूली 1 अप्रैल 2022 से तिमाही किश्त के रूप में पांच समान किश्तों में वसूल की जाएगी। जिन रेत समूहों के ठेके 30 जून 2022 को समाप्त हो रहे हैं, वे मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के परिपत्र 26 मई 2020 के अनुसार 30 जून 2023 तक ठेका वृद्धि प्राप्त करने का विकल्प 31 जुलाई 2021 तक प्राप्त कर सकेंगे।
- जिन ठेकेदारों द्वारा ठेका वृद्धि का विकल्प नहीं चुना जाता, उन्हें विहित प्रावधान अनुसार विलंबित राशि का भुगतान 1 जनवरी 2022 से 6 समान मासिक किश्तों में करना होगा।

एमपीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी चयन परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के 92 पदों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई 2021 है। इसमें सम्मिलित होने वाले प्रतियोगियों को विस्तृत जानकारी हेतु आयोग की वेबसाइट और 14-20 जून 2021 के रोज़गार और निर्माण का अंक देखना चाहिए। इस परीक्षा में एकल प्रश्नपत्र में खंड - 'अ' में 50 प्रश्न (मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान -35, भारत का सामान्य ज्ञान-10 और विश्व सामान्य ज्ञान-5) और खंड - 'ब' में 100 प्रश्न विषय से संबंधित होंगे। प्रश्नपत्र को 3 घंटे में हल करना होगा। अतः कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न 450 अंक के होंगे। सम्मिलित होने वाले प्रतियोगियों की तैयारी हेतु खंड - 'अ' के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल सहित दिया जा रहा है।

खण्ड - अ : भाग-1

(मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान)

1. **मध्यप्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था कितने स्तरों पर कार्यरत है -**
   अ. द्विस्तरीय
   ब. त्रिस्तरीय
   स. पंचस्तरीय
   द. इनमें से कोई नहीं
2. **मध्यप्रदेश के पहले मुख्य सचिव थे -**
   अ. ब्रह्मस्वरूप
   ब. आर.पी. नरोन्हा
   स. एम.एस. सिंहदेव
   द. एच.एस. कामथ
3. **हाल ही में किस जिले के ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों एवं प्रियजनों की स्मृति में एक बंजर पर्वत को 'पितृ पर्वत' के रूप में वृक्षारोपण करके उसका आजीवन संरक्षण करने का संकल्प लिया है -**
   अ. रीवा में ब. सिंगरौली में
   स. खरगोन में द. खंडवा में
4. **किस विद्वान जनकवि की कहावतें किसानी एवं मौसम से संबंधित रहती थीं -**
   अ. ईसुरी की
   ब. भूषण की
   स. सिंगाजी की
   द. घाघ दुबे की
5. **मध्यप्रदेश राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण केन्द्र का गठन हुआ है -**
   अ. 1983 में ब. 1985 में
   स. 1986 में द. 1988 में
6. **मध्यप्रदेश में 2016 में शौर्य स्मारक स्थापित किया गया है -**
   अ. ग्वालियर में
   ब. भोपाल में
   स. जबलपुर में
   द. पन्ना में
7. **मध्यप्रदेश गान "सुख का दाता, सबका साथी.....मेरा मध्यप्रदेश है।" के रचनाकार हैं -**
   अ. अजीत रायजादा
   ब. मनोज श्रीवास्तव
   स. उमाशंकर गुप्ता
   द. महेश श्रीवास्तव
8. **माड़ा गुफाएं किस जिले में स्थित हैं -**
   अ. सतना में ब. सिंगरौली में
   स. सागर में द. सीधी में
9. **'चाँद का मुंह टेढ़ा है' नामक काव्य रचना है -**
   अ. माखनलाल चतुर्वेदी की
   ब. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की
   स. मुल्ला रमूजी की
   द. गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की
10. **मध्यप्रदेश के कितने जिलों से कर्क रेखा गुजरती है -**
    अ. 8 ब. 12
    स. 14 द. 16
11. **डॉ. ग्रियर्सन ने मध्यप्रदेश की किस बोली को 'दक्षिणी राजस्थानी' कहा है -**
    अ. बघेलखंडी को
    ब. बुन्देली को
    स. निमाड़ी को
    द. मालवी को
12. **मध्यप्रदेश में लॉकडाउन के दौरान मई 2020 में प्रवासी श्रमिकों को जूता-चप्पल, भोजन एवं आवास सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 'चरण पादुका अभियान' किस विभाग द्वारा चलाया गया था -**
    अ. राजस्व विभाग
    ब. पुलिस विभाग
    स. महिला एवं बाल विकास विभाग
    द. उद्योग विभाग
13. **मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सौर एनर्जी प्लांट रीवा जिले के किस स्थान पर स्थापित किया गया है -**
    अ. गुढ़ ब. चुरहट
    स. सेमरिया द. सिरमौर
14. **मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष है -**
    अ. कटहल ब. पीपल
    स. नीम द. वरगद
15. **भारत का डेट्राइट कहलाता है -**
    अ. गुड़गांव ब. पीथमपुर
    स. वानमोर द. मण्डीदीप
16. **मध्यप्रदेश जनसंपर्क संचालनालय, भोपाल द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का नाम है -**
    अ. मध्यप्रदेश संदेश
    ब. शिखरवार्ता
    स. मध्यप्रदेश माध्यम
    द. जनसंदेश
17. **ताप्ती नदी का उद्गम स्थल है -**
    अ. अमरकंटक
    ब. भदभदा पहाड़ी
    स. मुलताई
    द. जानापाव
18. **हलाली परियोजना (विदिशा) को नया नाम दिया गया है -**
    अ. सम्राट भोज सागर
    ब. महराणा प्रताप सागर
    स. राजीव सागर
    द. सम्राट अशोक सागर
19. **मध्यप्रदेश में किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे कम रहा है -**
    अ. सुश्री उमा भारती
    ब. श्री राजा नरेश चंद्र
    स. श्री प्रकाश चंद्र सेठी
    द. इनमें से कोई नहीं
20. **सोयाबीन उत्पादन में देश में मध्यप्रदेश का स्थान है -**
    अ. प्रथम ब. द्वितीय
    स. तृतीय द. चतुर्थ
21. **वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किस विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं -**
    अ. सीहोर से ब. सिरोंज से
    स. हरसूद से द. बुधनी से
22. **मध्यप्रदेश का राजकीय खेल है -**
    अ. कबड्डी ब. मलखम्ब
    स. हॉकी द. लुडो
23. **सम्राट अशोक की ससुराल कहां थी -**
    अ. सांची में ब. चंदेरी
    स. विदिशा में द. धार में
24. **इनमें से किस जिले में निमाड़ी नहीं बोली जाती -**
    अ. अलीराजपुर में
    ब. रीवा में
    स. खरगोन में
    द. बड़वानी में
25. **'मेरी संसद यात्रा' रचना है -**
    अ. श्री शंकर दयाल शर्मा की
    ब. सुश्री उमा भारती की
    स. श्री अटल विहारी बाजपेयी की
    द. सुश्री सुमित्रा महाजन की
26. **मध्यप्रदेश में 'बेटी बचाओ दिवस' कब मनाया जाता है -**
    अ. 5 अक्टूबर को
    ब. 12 अक्टूबर को
    स. 15 अक्टूबर को
    द. 24 अक्टूबर को
27. **इनमें से कौनसी रचना कालिदास द्वारा रचित नहीं है -**
    अ. मेघदूत
    ब. वैराग्य शतक
    स. रघुवंशम्
    द. ऋतुसंहार
28. **मध्यप्रदेश में ग्रेफाइट पाया जाता है -**
    अ. धार में ब. कटनी में
    स. बैतूल में द. सतना में
29. **चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली है -**
    अ. मांडू, धार में
    ब. सारणी, बैतूल में
    स. महू, इन्दौर में
    द. भावरा, अलीराजपुर में
30. **मुरैना में गांधी आश्रम की स्थापना की थी -**
    अ. पी. सीतारमैया ने
    ब. सुब्बा राव ने
    स. इंदिरा गांधी ने
    द. विजयाराजे सिंधिया ने
31. **मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध खिलाड़ी मोहम्मद समीर दाद का संबंध है -**
    अ. हॉकी से ब. टेनिस से
    स. कबड्डी से द. मलखम्ब से
32. **श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना किस जिले में स्थित है -**
    अ. अलीराजपुर में
    ब. खंडवा में
    स. खरगोन में
    द. बड़वानी में
33. **बालाघाट में स्थित मलाजखण्ड खदान से उत्खनित/निकाला जाने वाला खनिज है -**
    अ. मैग्नीज
    ब. कॉपर
    स. एल्यूमीनियम
    द. आयरन
34. **मध्यप्रदेश के दक्षिणी भाग में निवासरत जनजाति है -**
    अ. कोरकू ब. कोल
    स. सहरिया द. पनिका
35. **किस किले (दुर्ग) के अधिकार/आधिपत्य को लेकर रिचर्ड होलकर और खासगी ट्रस्ट के मध्य सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है -**
    अ. राजवाड़ा
    ब. बड़वानी किला
    स. महेश्वर किला
    द. असीरगढ़ का किला

भाग-2 (भारत का सामान्य ज्ञान)

36. **1921 में हड़प्पा की खोज की थी -**
    अ. एम.सी. मजूमदार ने
    ब. वी.वी. लाल ने
    स. दयाराम साहनी ने
    द. यज्ञदत्त शर्मा ने
37. **नादिरशाह ने दिल्ली पर किस वर्ष आक्रमण किया था -**
    अ. 1718 में ब. 1739 में
    स. 1821 में द. 1827 में
38. **वर्तमान में भारत के विदेश मंत्री हैं -**
    अ. लव अग्रवाल
    ब. राजीव गाबा
    स. एस. जयशंकर
    द. मुख्तार अब्बास नकवी
39. **भारत ने अपाचे नामक लड़ाकू हेलिकाप्टर किससे खरीदे हैं -**
    अ. रूस से
    ब. अमेरिका से
    स. इजराइल से
    द. फ्रांस से
40. **राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान स्थित है -**
    अ. मसूरी में ब. पटियाला में
    स. उज्जैन में द. नागपुर में
41. **पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है -**
    अ. 23 जनवरी को
    ब. 12 फरवरी को
    स. 22 मई को
    द. 21 अक्टूबर को
42. **सेल्युलर जेल स्थित है -**
    अ. सिल्वासा में
    ब. पोर्ट ब्लेयर में
    स. दमन में
    द. पणजी में
43. **हीराकुंड बांध किस नदी पर बना है -**
    अ. सतलज ब. महानदी
    स. नर्मदा द. कृष्णा
44. **किस राज्य में पुष्कर मेला लगता है -**
    अ. मध्यप्रदेश में
    ब. गुजरात में
    स. उत्तराखंड में
    द. राजस्थान में
45. **भारतीय न्यायालयों में 'लोक अदालत' का आयोजन प्रायः किया जाता है -**
    अ. रविवार
    ब. सोमवार
    स. शनिवार को
    द. किसी भी दिन

भाग-3 (विश्व सामान्य ज्ञान)

46. **सबसे घनी आबादी वाला महाद्वीप है -**
    अ. यूरोप ब. एशिया
    स. अमेरिका द. अफ्रीका
47. **रूसी क्रांति हुई थी -**
    अ. 1905 में ब. 1908 में
    स. 1911 में द. 1917 में
48. **भूमंडलीय तापन (ग्लोबल वार्मिंग) हेतु ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि में कौन उत्तरदायी नहीं है -**
    अ. कार्बन डाईऑक्साइड
    ब. क्लोरो फ्लोरो कार्बन
    स. सल्फर डाईऑक्साइड
    द. नाइट्रस ऑक्साइड
49. **भारत के बाहर विश्व का पहला योग विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित हुआ है -**
    अ. पेरिस, फ्रांस
    ब. लॉस एंजिल्स, अमेरिका
    स. तेल अवीव, इजराइल
    द. ओसाका, जापान
50. **ग्रेटा थनबर्ग कौन हैं -**
    अ. क्रिकेटर
    ब. पर्वतारोही
    स. पर्यावरण कार्यकर्ता
    द. नेत्रहीन शिक्षिका

हल

1. ब 2. द 3. स 4. द 5. अ 6. ब 7. द 8. ब 9. द 10. स 11. स 12. ब 13. अ 14. द 15. ब 16. अ 17. स 18. द 19. ब 20. अ 21. द 22. ब 23. स 24. ब 25. स 26. अ 27. ब 28. स 29. द 30. ब 31. अ 32. ब 33. ब 34. अ 35. स 36. स 37. ब 38. स 39. ब 40. द 41. द 42. ब 43. ब 44. द 45. स 46. ब 47. द 48. स 49. ब 50. स।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहायक प्राध्यापक हैं)

वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज़्म डेस्टिनेशन बनेगा मध्यप्रदेश

भोपाल, वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज़्म डेस्टिनेशन के लिए मध्यप्रदेश सबसे उपयुक्त प्रदेश है। मध्यप्रदेश की प्राकृतिक और समृद्ध विरासत अनायास ही पर्यटन प्रेमियों को आकर्षित करती है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यटन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज़्म डेस्टिनेशन' विषय पर आयोजित ऑनलाइन वेबिनार को संबोधित करते हुये कही। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का महत्व बताते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अगर कोई रामबाण है, तो वह योग है। योग और प्राणायाम अगर निरंतर किया जाता है तो शरीर निरोगी बनता है, बुद्धि प्रखर होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारी वैदिक संस्कृति की हजारों साल पुरानी विधा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल के कारण अब पूरी दुनिया योग का लाभ उठा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि संकल्प लें कि आप सभी प्रतिदिन योग और प्राणायाम करेंगे। प्रतिदिन योग और प्राणायाम करके शरीर को स्वस्थ, निरोग और प्रसन्न बनाएं।

पर्यटन, संस्कृति और अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि यह उपयुक्त समय है जब प्रदेश स्पिरिचुअल टूरिज़्म की दिशा में कार्य करे और भौतिकता से दग्ध मानवता को सुख, शांति और श्रेष्ठ स्वास्थ्य की ओर ले जाए। इस दिशा में पर्यटन विभाग द्वारा पचमढ़ी में एक वेलनेस सेंटर स्थापित किया गया है। इस वेलनेस सेंटर पर प्राकृतिक चिकित्सा, योग और अन्य उपचार की विधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की प्रेरणा का कार्यक्रम किया जाएगा। वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज़्म के क्षेत्र में निरंतर नवाचार किए जायेंगे।

प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने ऑनलाइन वेबिनार में प्रदेश में शुरू की गई वेलनेस पर्यटन नीति के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश में वेलनेस स्पिरिचुअल टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने में मदद करने के लिए बड़ी वेलनेस ब्रांड कंपनियों के साथ-साथ स्थानीय निवेशकों को भी आमंत्रित किया। श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान कोरोना महामारी के दौर में विश्व स्तर पर वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज़्म की मांग में भारी उछाल आया है। अब पर्यटक लग्जरी टूरिज़्म की जगह प्रकृति के समीप टूरिज़्म डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं। मध्यप्रदेश प्राकृतिक डेस्टिनेशन से समृद्ध प्रदेश है। इसका लाभ उठाते हुए मध्यप्रदेश एक सार्वभौमिक मान्यता प्राप्त वेलनेस डेस्टिनेशन बनने के लिए तैयार है। हम एक टूरिज़्म की नीति पर कार्य करेंगे, जिसमें प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ कार्बन फुट प्रिंट कम करके सस्टेनेबल नेचर की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

विश्व ओलिंपिक दिवस - 23 जून

शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता के लिए भी जरूरी हैं खेल

खेलों का महाकुंभ यानी कि ओलिंपिक खेलों का आयोजन हर चार साल बाद होता है, लेकिन विश्व ओलिंपिक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। विश्व ओलिंपिक दिवस हर साल 23 जून को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिवस के इतिहास की बात करें तो इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी यानी आईओसी (IOC) के सदस्य डॉक्टर ग्रस ने स्टॉकहोम में अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के 41वें सत्र में विश्व ओलिंपिक दिवस का विचार प्रस्तुत किया था। इस सत्र में ओलिंपिक के संदेशों और मूल उद्देश्य को मनाने के लिए एक दिन निर्धारित करने की बात कही गयी थी। इस सत्र के कुछ महीनों बाद जनवरी 1948 में सेंट मोरित्ज में आईओसी के 42वें सत्र में ओलिंपिक दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। तब राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियों (NOC) को इस कार्यक्रम के आयोजन का प्रभारी बनाया गया था। उसके बाद से यह तारीख आईओसी के इतिहास में एक विशेष पल का हिस्सा बन गई।

23 जून को ही क्यों मनाया जाता है यह दिवस?

अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (IOC) की स्थापना 23 जून, 1894 को सोरबोन, पेरिस में की गई थी, जहां पियरे डे कोबेर्टिन ने ओलिंपिक खेलों के पुनरुद्धार के लिए एक रैली का आयोजन किया था। उसी की याद में ओलिंपिक दिवस 23 जून 1948 को पहली बार मनाया गया था। जब पहली बार इस दिवस का आयोजन किया गया था तब पुर्तगाल, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन, उरुग्वे, वेनेजुएला और बेल्जियम ने अपने-अपने देशों में ओलिंपिक दिवस का आयोजन किया था और तत्कालीन आईओसी अध्यक्ष सिगफ्रीड एडस्ट्रॉम ने दुनिया के युवाओं को एक संदेश दिया था। इसके बाद 1978 में आईओसी ने सभी राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियों (NOC) को इस दिवस के आयोजन के लिए प्रेरित किया। इस दिवस को मनाने के मुख्य मकसद खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ग और आयु के लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना है।

क्या होता है ओलिंपिक दिवस के दिन?

ओलिंपिक डे यानी ओलिंपिक दिवस के दिन मुख्य आकर्षण ओलिंपिक डे रन का होता है। 20 से ज्यादा वर्षों से आयोजित होने वाली दौड़ को पहली बार 1987 में लॉन्च किया गया था। पहली बार इस दौड़ का आयोजन 45 राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियों (NOC) द्वारा कराया गया था। उसके बाद इसमें लगातार संख्या बढ़ती गई और 100 से ज्यादा एनओसी अपने यहां दौड़ आयोजित कराने लगीं। इस दिन दुनियाभर की राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियां 'आगे बढ़ो', 'सीखो' और 'खोजो' के तीन स्तंभों के आधार पर उम्र, लिंग, सामाजिक पृष्ठभूमि या खेल क्षमता की परवाह किए बिना अलग-अलग तरह की पहल करती हैं। कुछ देशों में इस दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है और स्कूली पाठ्यक्रम में भी इस तरह की चीजें शामिल की जाती हैं।

कोरोना काल में इस दिवस का आयोजन?

कोरोना महामारी के इस दौर में हर जगह किसी न किसी प्रकार का प्रतिबंध है। लोग सामूहिक तौर पर कोई आयोजन नहीं कर रहे हैं ऐसे में खेलों पर भी इसका असर पड़ा है, लेकिन खेल प्रेमियों ने इस दिवस को ऑनलाइन भी मनाने में सफलता हासिल कर ली है। पिछले वर्ष 23 जून को डिजिटल माध्यम से इस दिवस को खास तौर पर मनाया गया था। इस दिन दुनिया के सबसे बड़े 24 घंटे तक चलने वाले

पहले डिजिटल ओलिंपिक वर्कआउट का आयोजन किया गया था। हर कोई ओलिंपिक दिवस का हिस्सा हो सकता है, इसमें शामिल होने के लिए ओलंपियन या खिलाड़ी होना जरूरी नहीं है। डिजिटल आयोजन में खिलाड़ियों और ओलिंपिक चैनल के सोशल मीडिया पेज से जुड़ा जा सकता है। पिछले साल इस दिन दुनियाभर के स्टार और दिग्गज खिलाड़ियों ने अपने-अपने घरों से ऑनलाइन वर्कआउट में हिस्सा लिया था। इसमें भारत की विनेश फोगाट भी शामिल हुई थीं। उनके साथ दुनिया के कई खेल प्रेमी भी इस इवेंट में जुड़कर वर्कआउट का हिस्सा बने थे। इस दिन #OlympicDay, #StayHealthy, #StayStrong और #StayActive जैसे हैशटैग का प्रयोग सोशल मीडिया में करते हुए ओलिंपिक दिवस मनाया जा सकता है।

ओलिंपिक का ध्येय वाक्य और प्रतीक

ओलिंपिक खेलों का ध्येय वाक्य 'हेंडियाट्रिस' है, जो लैटिन शब्द (CITIUS -ALTIUS - FORTIUS) से लिया गया है, जिसका मतलब (FASTER - HIGHER - STRONGER) यानी सबसे तेज, सबसे ऊंचा और सबसे ताकतवर है। इन शब्दों का प्रयोग एथलीट्स प्रतियोगिता के दौरान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए करते हैं। ओलिंपिक का ध्येय वाक्य 1894 में अपनाया गया था, जब आईओसी की स्थापना की गई थी। ओलिंपिक मोटो का प्रस्ताव पिएरे डी काउबर्टिन ने 1894 में दिया था, लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर 1924 में पेरिस में हुए ओलिंपिक खेलों में अपनाया गया था। ओलिंपिक फ्लैग के मामले में भी महान पिएरे डी काउबर्टिन की अहम भूमिका रही है, उन्होंने 1914 में इसकी संकल्पना की थी, जिसमें सफेद बैकग्राउंड में अलग-अलग रंगों की 5 रिंग रखी गई हैं, ये पांचों रिंग आपस में जुड़ी हुई हैं।

इस रिंग को ओलिंपिक का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। पांच छल्लों वाला यह प्रतीक हमें बताता है कि ओलिंपिक एक वैश्विक प्रतियोगिता है, जिसमें सभी महाद्वीपों के एथलीट भाग लेते हैं, इसलिए इसे 'महाद्वीपों के प्रतीक' के रूप में भी लिया जाता है। हालांकि इसमें किसी रंग विशेष का संबंध किसी महाद्वीप से नहीं बताया जाता, लेकिन 1951 से पहले ओलिंपिक की आधिकारिक बुकलेट में यह बताया गया था कि नीला यूरोप के, पीला रंग एशिया को, काला अफ्रीका को, हरा ऑस्ट्रेलिया-ओसियाना को और लाल रंग अमेरिका को प्रतिनिधित करता है। स्विट्जरलैंड में इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शित रिंगों की संकल्पना बारोन पिएरे डी काउबर्टिन ने की थी, जिन्हें आधुनिक ओलिंपिक गेम्स का सह-संस्थापक माना जाता है। उन्होंने 1912 में इनकी डिजाइन तैयार की थी।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी यानी आईओसी (IOC) का मुख्यालय लुसाने (Lausanne) स्वीट्जरलैंड में है।
- वर्तमान में आईओसी के प्रमुख थॉमस बाक हैं।
- ओलिंपिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है और इसमें 150 से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं।
- ओलिंपिक समिति की स्थापना पियरे डे कोबेर्टिन ने की थी और यूनानी व्यापारी देमित्रिस विकेलस इसके पहले अध्यक्ष बने थे।
- इस वक्त विश्व की कुल 205 राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियां इसकी सदस्य हैं।
- आइओसी हर चार वर्ष में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेल, शीतकालीन ओलिंपिक खेल और युवा ओलिंपिक खेल का आयोजन करता है।
- आईओसी द्वारा आयोजित पहला ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक 1896 में यूनान के एथेंस व पहला शीतकालीन ओलिंपिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया था। जबकि पहले यूथ ओलिंपिक खेलों का आयोजन 2012 में इन्सबर्क, ऑस्ट्रिया में किया गया था।
- ओलिंपिक की एक और पहचान मशाल है, जिसे रिले सिस्टम से जिस देश या महाद्वीप में ओलिंपिक होता है, अक्सर वहीं घुमाया जाता है। इसकी शुरुआत 1936 में हुए बर्लिन गेम्स से पहले हुई थी। ओलिंपिक मशाल रिले ओपनिंग सेरेमनी वाले स्थान पर पहुंचाई जाती है और वहां उस देश की कोई महान हस्ती मुख्य स्टेडियम में उसे प्रज्ज्वलित करता है।
- 2016 में ब्राजील के रियो में ओलिंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, उसके बाद 2020 ओलिंपिक की मेजबानी टोक्यो, जापान को मिली है। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण इस वैश्विक प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया गया था, अब इसे इस साल 23 जुलाई से 08 अगस्त 2021 के बीच आयोजित किया जाएगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **बीजिंग ओलिंपिक-2008 में टेनिस पुरुष एकल वर्ग स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता हैं?**
   (अ) राफेल नडाल
   (ब) नोवाक जोकोविच
   (स) मरात साफिन
   (द) एंडी मरे
2. **इनमें से कौन-सा खेल टोक्यो ओलिंपिक में शामिल नहीं है?**
   (अ) गोल्फ (ब) स्केट बोर्डिंग
   (स) जिम्नास्टिक (द) विलियर्ड्स
3. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं?**
   (अ) जहीर खान
   (ब) जवागल श्रीनाथ
   (स) इरफान पठान
   (द) अजीत आगरकर
4. **वर्ष 2008 में किस देश ने यूरो कप का खिताब अपने नाम किया था?**
   (अ) स्पेन (ब) ग्रीस
   (स) जर्मनी (द) फ्रांस
5. **इस वर्ष रोम मास्टर्स में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी हैं?**
   (अ) एलिना वैस्नीना
   (ब) इगा स्वितेक
   (स) कोको गॉफ
   (द) जोहान कोंटा
6. **बरमुडा चैम्पियनशिप इनमें से किस खेल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
   (अ) मुक्केबाजी (ब) तीरंदाजी
   (स) गोल्फ (द) एथेलेटिक्स
7. **इनमें से किसे ओलिंपिक के बाद सबसे बड़ा खेल आयोजन माना जाता है?**
   (अ) कॉमनवेल्थ गेम्स
   (ब) फीफा वर्ल्डकप
   (स) एशियन गेम्स
   (द) डायमंड लीग
8. **कार्लोस सेंज किस देश के कार रेसर हैं?**
   (अ) बेल्जियम (ब) मैक्सिको
   (स) ब्राजील (द) स्पेन
9. **विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में किस देश के खिलाफ डेब्यू किया था?**
   (अ) वेस्टइंडीज (ब) श्रीलंका
   (स) न्यूजीलैंड (द) ऑस्ट्रेलिया
10. **इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष जिनेवा ओपन का खिताब जीता है?**
    (अ) फेबियो फोगनिनी
    (ब) केस्पर रूड
    (स) डेनिस शापोवालोव
    (द) आंद्रे रुबलेव
11. **इनमें से किस क्लब ने इस वर्ष यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीता है?**
    (अ) चेल्सी
    (ब) बायर्न म्युनिख
    (स) जुवेंटस
    (द) मैनचेस्टर सिटी
12. **लंदन ओलिंपिक में इनमें से किस देश ने फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था?**
    (अ) अमेरिका
    (ब) दक्षिण कोरिया
    (स) मैक्सिको
    (द) जापान
13. **इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथेलेटिक्स फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में है?**
    (अ) बहरीन (ब) जमैका
    (स) कतर (द) मोनाको
14. **हरिका द्रोणवल्ली किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
    (अ) बैडमिंटन (ब) स्नूकर
    (स) हॉकी (द) शतरंज
15. **वर्ष 2023 में महिला टी-20 वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया जाएगा?**
    (अ) दक्षिण अफ्रीका
    (ब) ऑस्ट्रेलिया
    (स) आयरलैंड
    (द) पाकिस्तान
16. **इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट बैडमिंटन से संबंधित नहीं है?**
    (अ) थॉमस कप
    (ब) डेविस कप
    (स) उबेर कप
    (द) सुदीरमन कप
17. **रियो ओलिंपिक में टेबल टेनिस स्पर्धा के सभी स्वर्ण पदक किस देश ने जीते हैं?**
    (अ) मलेशिया (ब) जापान
    (स) न्यूजीलैंड (द) चीन
18. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2014 में किस देश ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते थे?**
    (अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
    (स) भारत (द) स्कॉटलैंड
19. **इनमें से कौन-सा खेल जापान का राष्ट्रीय खेल है?**
    (अ) बैडमिंटन (ब) तीरंदाजी
    (स) सुमो रेसलिंग (द) जूडो
20. **टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?**
    (अ) क्रिस गेल
    (ब) ब्रैंडन मैक्कुलम
    (स) ब्रायन लारा
    (द) मैथ्यू हेडन
21. **साइना नेहवाल ने कितने बार सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता है?**
    (अ) एक बार
    (ब) दो बार
    (स) तीन बार
    (द) इनमें से कोई नहीं
22. **सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में कितने अर्धशतक बनाए हैं?**
    (अ) 62 (ब) 65
    (स) 67 (द) 68
23. **वर्ष 2019 में किस टीम ने प्रो कबड्डी लीग का खिताब जीता है?**
    (अ) बंगाल वारियर्स
    (ब) पटना पाइरेट्स
    (स) बेंगलुरु बुल्स
    (द) जयपुर पिंक पैंथर्स
24. **वर्ष 2014 में जर्मनी ने किस खिलाड़ी की कप्तानी में फीफा वर्ल्डकप जीता था?**
    (अ) मिरोस्लाव क्लोस
    (ब) फिलिप लाम
    (स) मैनुएल नुएर
    (द) मेसुत ओजिल
25. **ब्रिटेन की पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन निकोला एडम्स किस खेल से संबंधित हैं?**
    (अ) मुक्केबाजी (ब) एथेलेटिक्स
    (स) तैराकी (द) निशानेबाजी

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (ब), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (स), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (अ), 12. (स), 13. (द), 14. (द), 15. (अ), 16. (ब), 17. (द), 18. (अ), 19. (स), 20. (ब), 21. (स), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

आईसीसी टूर्नामेंट्स के लिये दावेदारी करेगा बीसीसीआई

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट्स की मेजबानी करने की दावेदारी करेगा। यह फैसला बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की आपात बैठक में लिया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड ने वर्ष 2024 से 2032 के बीच खेले जाने वाले तीन वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी का दावा करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई वर्ष 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी, वर्ष 2028 में ट्वेंटी-20 विश्वकप और वर्ष 2031 में वन-डे विश्वकप की मेजबानी का दावा करेगा। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई के पास इस वर्ष के अंत में होने वाले ट्वेंटी-20 विश्वकप और वर्ष 2023 में वन-डे विश्वकप की मेजबानी के अधिकार हैं। बीसीसीआई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी रद्द होने के कारण घरेलू खिलाड़ियों को मुआवजा देने के लिये 10 सदस्यीय समिति भी गठित करने का फैसला लिया है।

फ्रैंच ग्रांप्री में मैक्स वर्स्टापेन बने चैंपियन

पेरिस, बेल्जियम के अनुभवी फॉर्मूला-वन ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ने ब्रिटेन के लुईस हैमिल्टन को पछाड़ते हुये फ्रैंच ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। ये वर्स्टापेन के रेसिंग कॅरियर की 13वीं जीत है। वर्स्टापेन ने 53 लैप की इस रेस को एक घंटा 27 मिनट 25.770 सेकेंड में पूरा किया। रेस के दौरान ज्यादातर समय लुईस हैमिल्टन आगे रहे, लेकिन वर्स्टापेन ने 52वीं लैप में हैमिल्टन से बढ़त छीन ली और खिताब पर कब्जा पक्का कर लिया। इस रेस में वर्स्टापेन के टीम साथी सर्जियो पेरेज तीसरे, वाल्टेरी बोटास चौथे तथा लेंडो नॉरिस पांचवें स्थान पर रहे।

नडाल ने ओलिंपिक और विम्बलडन से वापस लिया नाम

मेड्रिड, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने विम्बलडन और टोक्यो ओलिंपिक से हटने का फैसला किया है। नडाल ने ट्वीट करते हुये कहा कि मैंने इस वर्ष विम्बलडन और टोक्यो ओलिंपिक में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है। नडाल ने कहा फ्रैंच ओपन के 14 दिन बाद विम्बलडन शुरू हो रहा है। क्ले कोर्ट पर खेलने के बाद इतनी जल्दी शरीर को रिकवर करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना मेरे लिये बिल्कुल भी आसान नहीं था, लेकिन अपने शरीर को देखते हुये और अपने कॅरियर को बड़ा करने के लिये यह निर्णय जरूरी था।

ओलिंपिक में भारतीय दल को 10 करोड़ रुपये देगा बीसीसीआई

मुंबई, बीसीसीआई टोक्यो ओलिंपिक में जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल को तैयारियों के लिये 10 करोड़ रुपये की मदद देगा। बीसीसीआई की आपात परिषद की बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। बीसीसीआई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने भारतीय ओलिंपिक संघ और खेल मंत्रालय के अनुरोध के बाद भारतीय खिलाड़ियों की हर तरह की मदद करने का निर्णय किया है। इस राशि का उपयोग टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई करने वाले भारतीय एथलीटों की तैयारियों में किया जायेगा। बीसीसीआई ने कहा कि बोर्ड हमेशा ओलिंपिक खेलों के विकास में मदद करने में यकीन करता रहा है।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

न्यूजीलैंड बना वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन

साउथेम्प्टन, न्यूजीलैंड ने भारत का टेस्ट क्रिकेट में सरताज बनने का सपना तोड़ते हुये पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को आठ विकेट से हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

साउथेम्प्टन में खेले गये फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रोहित शर्मा (34) और शुभमन गिल (28) ने भारत को बढ़िया शुरुआत दिलाई और 62 रन की साझेदारी की। इन दोनों के बाद विराट कोहली (44) और अजिंक्य रहाणे (49) ने चौथे विकेट के लिये 61 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई और 217 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने भी शानदार शुरुआत की। एक समय न्यूजीलैंड की टीम बड़े स्कोर की तरफ बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी कर न्यूजीलैंड को 249 रन पर समेट कर न्यूजीलैंड को बड़ी बढ़त लेने से रोक दिया।

दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। भारतीय टीम दूसरी पारी में महज 170 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड को जीत के लिये 139 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

- रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 71 विकेट लिये।
- मार्नस लाबूशेन ने टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 1675 रन बनाये हैं।
- न्यूजीलैंड ने दूसरी बार आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब जीता है।
- इससे पहले न्यूजीलैंड ने वर्ष 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

बड़े खिलाड़ी रहे नाकाम

चैंपियनशिप के फाइनल में रोहित शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे जैसे अनुभवी बल्लेबाजों पर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन ये चारों बल्लेबाज रन बनाने में नाकाम रहे। कोहली, रोहित और रहाणे अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करने में विफल रहे। वहीं पुजारा दोनों पारियों में नाकाम रहे।

खिलाड़ियों ने गवाएं मौके

फाइनल मैच में भारतीय टीम की फील्डिंग स्तरहीन नजर आयी। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने दो महत्वपूर्ण कैच टपकाये। अगर ये मौके टीम इंडिया भुना लेती, तो भारत मैच ड्रॉ कराने में सफल हो सकता था। वहीं पहली पारी में न्यूजीलैंड के 6 विकेट 162 रन पर गिर गये थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाज निचले क्रम के बल्लेबाजों को जल्द आउट करने में असफल रहे, जिसके चलते न्यूजीलैंड ने पहली पारी 249 रन बनाकर 32 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

सचिन और मुरली बने 21वीं सदी के महान क्रिकेटर

मुंबई, भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के महान गेंदबाज मुथैय्या मुरलीधरन को 21वीं सदी का महान क्रिकेटर चुना गया है। सचिन को महान बल्लेबाज तथा मुरलीधरन को महान गेंदबाज का खिताब मिला है। स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने क्रिकेट में ऐतिहासिक पलों का जश्न मनाने के लिये टेस्ट क्रिकेट में 21वीं सदी के अब तक के सबसे महान खिलाड़ी को चुनने की पहल की थी, जिसके तहत इन खिलाड़ियों को विजेता घोषित किया गया है।

टोक्यो ओलिंपिक में 50 प्रतिशत दर्शकों को मिलेगी एंट्री

टोक्यो, जापान में आयोजित होने वाले टोक्यो ओलिंपिक खेलों में दर्शकों की एंट्री को लेकर जापान सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। ओलिंपिक खेलों के दौरान सभी स्थलों पर 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। किसी भी स्थल पर अधिकतम 10 हजार लोग ही मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। यह फैसला जापान सरकार, आयोजन समिति और अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति की बैठक के बाद लिया गया है। स्थानीय आयोजन समिति के अधिकारियों ने कहा कि प्रशंसकों पर सख्त नियम लागू होंगे। जापान सरकार ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ती है तो ओलिंपिक के मुकाबले खाली स्टेडियम में भी कराये जा सकते हैं।

शेफाली वर्मा ने पदार्पण टेस्ट मैच में बनाये कीर्तिमान

ब्रिस्टल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवोदित बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुये कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। शेफाली पदार्पण टेस्ट मैच में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाने वाली पहली भारतीय तथा विश्व की चौथी महिला क्रिकेटर बन गईं। 17 वर्षीय शेफाली ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक बनाने वाली विश्व की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

पुरुष क्रिकेट में सबसे कम उम्र में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पूर्व भारतीय दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन और शेफाली दोनों ने यह कारनामा इंग्लैंड के खिलाफ किया है। सचिन ने वर्ष 1990 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाये थे।

शेफाली वर्मा भारत के लिये पदार्पण टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर आ गई हैं। शेफाली ने मैच की पहली पारी में 96 तथा दूसरी पारी में 63 रन सहित कुल 159 रन

बनाये। पदार्पण टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में शिखर धवन (187 रन) और रोहित शर्मा (177 रन) ही शेफाली से आगे हैं।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच रहा ड्रॉ

भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच ब्रिस्टल में खेला गया एकमात्र टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 9 विकेट पर 396 रन बनाकर पारी घोषित की। इसके जवाब में भारतीय टीम शेफाली वर्मा (96) की शानदार पारी के बावजूद पहली पारी में 231 रन बना सकी। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 344 रन बनाये।

भारत के महान एथलीट मिल्खा सिंह का निधन

चंडीगढ़, भारत के महान एथलीट और फर्राटा धावक मिल्खा सिंह का निधन हो गया है। मिल्खा सिंह को फ्लाइंग सिख के नाम से भी जाना जाता है। मिल्खा सिंह 91 वर्ष के थे और कोरोना संक्रमित थे। कोरोना से उबरने के बाद मिल्खा सिंह घर लौट चुके थे, लेकिन 3 जून को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद से ही उनकी तबीयत लगातार खराब होती गई।

राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय

मिल्खा सिंह के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। वे राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। मिल्खा सिंह ने वर्ष 1958 में कार्डिफ राष्ट्रमंडल खेलों में 400 मीटर स्पर्धा में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता। मिल्खा सिंह ने इस स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड होल्डर मेल स्पेंस को हराकर विश्व खेल जगत को अचरज में डाल दिया था। मिल्खा सिंह ने वर्ष 1958 और 1962 के एशियाई खेलों

में 200 मीटर तथा 400 मीटर स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीते हैं। मिल्खा सिंह को वर्ष 1960 के रोम ओलिंपिक में पदक का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन वे महज कुछ सेकेंड से चूक गये।

प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मिल्खा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा कि देश ने एक महान खिलाड़ी खो दिया है। उनके प्रेरक व्यक्तित्व ने उन्हें लाखों लोगों का प्रिय बनाया है। मिल्खा सिंह को वर्ष 1959 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा जा चुका है।

मनप्रीत सिंह

ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान

नई दिल्ली, भारतीय हॉकी संघ ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। 16 सदस्यीय टीम की कमान अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह को सौंपी गई है, जबकि वीरेंद्र लाकड़ा और हरमनप्रीत सिंह उपकप्तान का दायित्व संभालेंगे।

भारतीय हॉकी टीम में ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जो पहली बार ओलिंपिक में खेलेंगे। इनमें अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह, सुमित, शमशेर सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजेत सिंह, ललित उपाध्याय, नीलकांता शर्मा और विवेक सागर प्रसाद शामिल हैं। नीलकांता और विवेक मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं टीम में पूर्व कप्तान पी.आर. श्रीजेश जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

मनप्रीत की शानदार कप्तानी

मनप्रीत सिंह पिछले चार वर्षों से भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हैं। मनप्रीत की कप्तानी का रिकॉर्ड बेहद शानदार

रहा है। मनप्रीत की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने वर्ष 2017 में एशिया कप, वर्ष 2018 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ष 2019 में एफआईएच सीरीज फाइनल का खिताब जीता है।

रानी रामपाल होंगी महिला टीम की कप्तान

भारतीय हॉकी संघ ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान भी किया है। टीम की कमान अनुभवी खिलाड़ी रानी रामपाल को सौंपी गई है। रानी के अलावा डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का और गोलकीपर सविता पूनिया को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। रानी की कप्तानी में भारत ने एशिया कप में स्वर्ण तथा एशियाई खेलों में रजत पदक जीता है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम

गोलकीपर- पी.आर. श्रीजेश

डिफेंडर- हरमनप्रीत सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, अमित रोहिदास और वीरेंद्र लाकड़ा।

मिडफील्डर- हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांता शर्मा और समित।

फॉरवर्ड- शमशेर सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय और मंदीप सिंह।

स्टैंडबाय- कृष्ण बहादुर पाठक, वरुण कुमार और सिमरनजीत सिंह।

जापान ने 11 देशों के एथलीटों के लिये जारी की गाइडलाइन

टोक्यो, जापान ने टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले 11 देशों के एथलीटों और सपोर्ट स्टाफ के लिये सख्त कोरोना गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार भारत, अफगानिस्तान, ब्रिटेन, मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और मालदीव सहित 11 देशों के एथलीटों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य को कड़े कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। गाइडलाइन के तहत खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिये रवाना होने से पहले लगातार 7 दिन तक कोरोना टेस्ट कराना होगा और जापान पहुंचने के बाद 3 दिन तक क्वारेंटाइन रहना होगा। भारतीय ओलिंपिक संघ ने जापान सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुये कहा कि ओलिंपिक में जाने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को कोरोना वैक्सीन लग चुकी है, ऐसे में यह निर्णय अनुचित है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

नया मॉडल खोलेगा ब्रह्मांड की उत्पत्ति के राज

स्विट्जरलैंड स्थित यूरोपीय नाभिकीय अनुसंधान संगठन (सर्न) में लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) के वैज्ञानिक ब्रह्मांड की रहस्यमयी उत्पत्ति का पता लगाने में जुटे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे एलएचसीवी प्रयोग ने दो कणों के बीच द्रव्यमान में सबसे छोटे अंतर में से एक को मापा है, जिससे ब्रह्मांड की उत्पत्ति की जानकारी में मदद मिलेगी। कण भौतिकी का मानक मॉडल ब्रह्मांड को बनाने वाले मूल कणों और उनके बीच कार्य करने वाले बलों के बारे में बताता है। इस मॉडल को सटीकता के लिए सत्यापित किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा

म्यांमार में तख्तापलट के खिलाफ प्रस्ताव पारित

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक दुर्लभ कदम उठाते हुए म्यांमार की सैन्य सरकार के खिलाफ व्यापक वैश्विक विरोध प्रकट करते हुए एक प्रस्ताव पारित कर देश में सैन्य तख्तापलट की निंदा की है।

- **संयुक्त राष्ट्र में टी.एस. तिरुमूर्ति ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश मसौदा प्रस्ताव पड़ोसी एवं क्षेत्रीय देशों से सलाह किए बगैर जल्दबाजी में लाया गया। यह न सिर्फ गैरमददगार है बल्कि म्यांमार में मौजूदा स्थिति का समाधान तलाशने के लिए आसियान के प्रयासों के प्रतिकूल भी साबित हो सकता है।**

उसके खिलाफ शस्त्र प्रतिबंध का आह्वान किया है तथा लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को बहाल करने की मांग की है। भारत समेत 35 देशों ने इन प्रस्ताव

पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। भारत का कहना है कि मसौदा प्रस्ताव उसके विचारों को प्रतिबिम्बित नहीं करता।

महासभा कक्ष में मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं होने के फैसले की व्याख्या करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा कि म्यांमार का निकट पड़ोसी देश होने और वहां के लोगों का करीबी मित्र होने के नाते भारत वहां राजनीतिक अस्थिरता के गंभीर प्रभाव और म्यांमार की सीमाओं से परे इसके फैलने की संभावना से अवगत है।

प्रस्ताव को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला, लेकिन महासभा की यह कार्रवाई एक फरवरी को हुए सैन्य तख्तापलट की निंदा करती है, जिसके तहत आंग सान सू की पार्टी को सत्ता से हटा दिया गया था। यह प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। म्यांमार पर नजर रख रहे संगठन असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रीज़नर्स के मुताबिक तख्तापलट के बाद से सैन्य बलों ने 860 लोगों की हत्या की है और पांच हजार से अधिक को गिरफ्तार किया है।

चीन और रूस ने भी नहीं दिया वोट

मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में 119 देशों ने मतदान किया जबकि म्यांमार के पड़ोसी देश भारत, रूस, बांग्लादेश, भूटान, चीन, नेपाल, थाईलैंड और लाओस समेत 36 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। बेलारूस एकमात्र ऐसा देश था जिसने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

श्रीलंका तट पर

आग लगने से मालवाहक जहाज डूबा

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के तट पर मालवाहक जहाज डूब गया जिसमें करीब एक महीने पहले आग लगी थी। जहाज के डूबने के साथ ही पर्यावरणीय आपदा की आशंका पैदा हो गयी है।

जहाज के संचालक ने कहा कि सिंगापुर के ध्वज वाले एक्स-प्रेस पर्ल का मलवा अब पूरी तरह समुद्र में 21 मीटर गहराई में तलहटी में बैठ गया है। एक्स-प्रेस फीडर्स ने बताया कि किसी तरह के मलबे और तेल बिखरने की स्थिति से निपटने के लिए एक बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है। श्रीलंका के समुद्री पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण के प्रमुख दर्शिनी लहन्दापुरा ने भी जहाज के डूबने की पुष्टि की है। रसायन और सौंदर्य प्रसाधन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल को लेकर जा रहे जहाज में 20 मई को कोलंबो तट के पास आग लग गयी थी। यह जहाज गुजरात के हजीरा से आ रहा था। श्रीलंकाई नौसेना का

मानना है कि जहाज में रखे रसायनों के कारण आग लगी जिनमें 25 टन नाइट्रिक एसिड और अन्य रसायन शामिल थे। ऐसी आशंका है कि जहाज पर बचे रसायनों और तेल के बिखरने से समुद्री जनजीवन को नुकसान पहुंच सकता है। प्राधिकारियों ने पिछले हफ्ते आग बुझा दी थी, लेकिन जहाज डूबना शुरू हो गया था। सरकार ने अमेरिका और कुछ अन्य देशों से समुद्री पर्यावरण और तटीय इलाकों को हुए नुकसान का आकलन करने में मदद मांगी है। श्रीलंका ने एक्स-प्रेस फीडर्स को चार करोड़ डॉलर का हर्जाना देने को कहा है।

इब्राहीम रईसी

ईरान के नए राष्ट्रपति होंगे

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव में देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के कट्टर समर्थक एवं कट्टरपंथी न्यायपालिका प्रमुख इब्राहीम रईसी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की।

- **अमेरिका ने रईसी पर प्रतिबंध 1988 में राजनीतिक कैदियों की सामूहिक हत्या, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेलने वाली ईरानी न्यायपालिका के मुखिया के तौर पर लगाया गया था।**

प्रारंभिक परिणाम के अनुसार, रईसी ने एक करोड़ 79 लाख मत हासिल किए, जो कुल मतों का लगभग 62 प्रतिशत है। चुनावी दौड़ में एकमात्र उदारवादी उम्मीदवार अब्दुलनासिर हेम्माती बहुत पीछे रह गए। बहरहाल, खामेनेई ने रईसी के सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी को अयोग्य करार दे

दिया था, जिसके बाद न्यायपालिका प्रमुख ने यह बड़ी जीत हासिल की। ईरान के गृह मंत्रालय में चुनाव मुख्यालय के प्रमुख जमाल ओर्फ ने बताया कि प्रारंभिक परिणामों में, पूर्व रेवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मोहसिन रेजाई ने 34 लाख मत हासिल किए और हेम्माती को 24 लाख मत मिले। एक अन्य उम्मीदवार आमिर हुसैन गाजीजादा हाशमी को 10 लाख मत मिले। रईसी अगले माह में हसन रूहानी की जगह ले सकते हैं। रईसी की जीत की आधिकारिक घोषणा के बाद वह पहले ईरानी राष्ट्रपति होंगे, जिन पर पदभार संभालने से पहले ही अमेरिका प्रतिबंध लगा चुका है।

बिना नाम लिए रूहानी ने दी बधाई

ईरान के निवर्तमान राष्ट्रपति हसन रूहानी ने बिना नाम लिए देश में राष्ट्रपति पद चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को बधाई दी। रूहानी ने कहा, जनता के चुने हुए लोगों को बधाई। अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, मैं विधि के मद्देनजर आधिकारिक अभिनंदन थोड़ी देर बाद करूंगा। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले हैं। मैं आशा व्यक्त करता हूं कि 45 दिनों में राष्ट्रपति पद विजेता अपना कार्यभार संभाल लेंगे।

अमेरिका में

ट्रंप के कड़े नियमों को किया गया खत्म

अमेरिका में अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक नई नीति जारी करते हुए कहा कि आव्रजन न्यायाधीश ट्रंप काल के उन नियमों का पालन करना बंद कर दें, जिन्होंने घरेलू हिंसा या किसी संगठन द्वारा की जा रही हिंसा का सामना कर रहे प्रवासियों के लिए अमेरिका में शरण लेना मुश्किल बना दिया है। यह कदम मानवीय सुरक्षा से जुड़े उनके मामलों की जीत में मदद करेगा। अमेरिकी आप्रवासन परिषद में मुकदमेबाजी की कानूनी निदेशक केट मेलॉय गोएटेल ने कहा, 'इसके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह ट्रंप

- **पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की उन दो नीतियों को समाप्त कर दिया गया, जिससे हिंसा से पीड़ित प्रवासियों का अमेरिका में शरण लेना मुश्किल हो गया था।**

प्रशासन के, शरण लेने संबंधी सबसे खराब फैसलों में से एक था और इसे समाप्त करने की दिशा में यह पहला महत्वपूर्ण कदम है।' अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के अपने कार्यालय तथा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग को शरण लेने को इच्छुक लोगों के समूह से जुड़े आव्रजन कानूनों की जटिलता को दूर करने के लिए मसौदा तैयार करने का आदेश देने के बाद, वह ये बदलाव कर रहे हैं।

इराक में सैन्य अड्डे के पास रॉकेट गिरा

इराक के उत्तरी हिस्से में अमेरिकी सैनिकों से संबद्ध एक सैन्य अड्डे की चाहरदिवारी के पास कम से कम एक कत्यूषा रॉकेट आ गिरा। इराक की सेना ने एक बयान में बताया कि पश्चिमी अनबार प्रांत ऐन अल-असद वायुसेना अड्डे के समीप यह रॉकेट गिरा, लेकिन वह फटा नहीं।'

बयान के अनुसार कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। एक इराकी सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सैन्य अड्डे की चाहरदिवारी को मामूली नुकसान पहुंचा। जांच में सामने आया है कि समीप के अल-बगदादी क्षेत्र से यह रॉकेट दागा गया था। इस सैन्य अड्डे पर अमेरिकी सैनिक रहते हैं। इराक में मौजूद अमेरिकियों को निशाना बनाकर किया गया यह नवीनतम हमला है। अमेरिकी सैनिकों वाले सैन्य अड्डों और बगदाद के ग्रीन जोन में स्थित अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाकर रॉकेट और हाल ही में ड्रोन हमले किए गए।

कोरोना का 'डेल्टा स्वरूप' 'चिंताजनक' श्रेणी में

अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने भारत में सबसे पहले पाए गए कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप को 'चिंताजनक' बताया है। सीडीसी ने एक वक्तव्य में कहा, 'अमेरिका में पाए जा रहे वायरस के स्वरूप बी.1.1.7 (अल्फा), बी.1.351 (बीटा), पी.1 (गामा), बी.1.427 (एप्सिलन), बी.1.429 (एप्सिलन) और बी.1.617.2 (डेल्टा) चिंता का विषय हैं। अमेरिका में अब तक ऐसा कोई स्वरूप नहीं है जिसका

- **वायरस के किसी भी स्वरूप को चिंताजनक तब बताया जाता है जब वैज्ञानिक मानते हैं कि वह अधिक संक्रामक है तथा गंभीर रूप से बीमार कर सकता है। चिंताजनक स्वरूप की पहचान करने वाली जांच, उपचार और टीके भी इसके खिलाफ कम प्रभावी हो सकते हैं।**



प्रभाव बहुत अधिक हो।' उसने कहा कि डेल्टा स्वरूप में प्रसार क्षमता अधिक है। इससे पहले सीडीसी ने डेल्टा स्वरूप के बारे में कहा था कि इस स्वरूप के बारे में और अनुसंधान की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 10 मई को डेल्टा को चिंताजनक स्वरूप बताया था। सीडीसी के अनुमान के मुताबिक, पांच जून तक अमेरिका में संक्रमण के मामलों में से 9.9 फीसदी के पीछे वजह डेल्टा स्वरूप था। वायरस के स्वरूपों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'आउटब्रेक डॉट इन्फो' के अनुसार, 13 जून तक डेल्टा स्वरूप के मामले 10.3 फीसदी हो गए।

इजरायल में इनडोर भी मास्क फ्री

कोरोना काल में इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है, जहां अब इनडोर (बंद स्थानों) में भी मास्क लगाने की जरूरत नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले दिनों इस पाबंदी से छूट दे दी। मंत्रालय ने कहा कि कम होते कोरोना मरीजों को देखते हुए यह फैसला किया गया है। इजरायल में आउटडोर में मास्क की छूट पहले ही दी जा चुकी है।

92 लाख की आबादी वाला इजरायल अब तक 85 प्रतिशत वयस्कों को वैक्सीन लगा चुका है। इजरायल ऐसा करने वाला पहला देश भी है। दूसरी ओर, वर्तमान में इजरायल में कोरोना के सिर्फ 231

- **इजरायल दुनिया का पहला देश है जो 85 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन लगा चुका है, वहां सात दिन में 6 लाख बच्चों का भी टीकाकरण किया गया है।**
- **अब सिर्फ कोरोना वैक्सीन नहीं लगाने वाले कर्मचारी और वृद्धाश्रमों में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही मास्क लगाने की जरूरत होगी। साथ ही प्लेन से यात्रा और क्वारेंटाइन के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य होगा। इसके अलावा जो लोग अस्पताल या नर्सिंग होम में भर्ती हैं, उन्हें भी मास्क पहनना जरूरी होगा।**

एक्टिव केस हैं। यहां 24 घंटे में 24 केस मिले हैं। दावा है कि आगामी 15 से 20 दिन में इजरायल कोरोना फ्री हो जाएगा। यहां आने वाले पर्यटकों को टेस्ट कराना अनिवार्य है।

गौरतलब है कि पिछले 50 दिनों में दुनिया में कोरोना के मामले तेजी से घटे हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि 'कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आई है।' यह जानकारी खास है, क्योंकि डेढ़ साल में पहली बार पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमितों की संख्या कम हुई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टैड्रॉस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने यह जानकारी दी है।

अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे तीन चीनी यात्री

चीन अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन में तीन महीने के लिए पहले तीन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने के लिए तैयार है। यह अंतरिक्ष स्टेशन आकाश से चीन के लिए दुनिया पर नजर रखेगा और पुराने होते अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से प्रतिद्वंद्विता करेगा।

'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) के निदेशक के सहायक जि किमिंग ने कहा कि अंतरिक्ष यान 'शेनझोउ-12' का जियुक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपण किया जाएगा। यह तीन यात्रियों निए हैशेंग, लियु बोमिंग और तांग होंग्बो को चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए अंतरिक्ष में लेकर जाएगा।

अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के दौरान यह अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर जाने वाला पहला चीनी मिशन होगा। देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के अगले महीने 100वें वर्ष पर समारोह के मद्देनजर यह मिशन शुरू किया जा रहा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

न गले मिलें, न हाथ मिलायें आपस में 2 गज की दूरी बनायें

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश शासन

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

'एमपी अनमोल' एप द्वारा

अब उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग संभव

प्रसव पूर्व जांच में गुणवत्ता की नई पहल

भारत सरकार द्वारा निर्मित "अनमोल एप" में आवश्यक संशोधन कर विभाग द्वारा नवीन एप "एमपीअनमोल" बनाया गया है जिसकी सहायता से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग संभव हो रही है।

आत्मनिर्भर भारत अंतर्गत शत प्रतिशत संपूर्ण एएनसी जांच को सम्मिलित किया गया है।

अपने आपको और अपने प्रियजनों/सहकर्मियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए इन

पांच व्यवहारों का टीकाकरण के बाद भी पालन करें

मास्क सही से पहनें

हाथों को नियमित रूप से साबुन व पानी से धोएं या सैनिटाइज़र का प्रयोग करें

आपस में 2 गज की दूरी बनाए रखें

लक्षण दिखने पर तुरंत खुद को दूसरों से अलग रखें

लक्षण दिखने पर तुरंत परीक्षण करवाएं

टीकाकरण अवश्य करायें

हम सुरक्षित, तो देश सुरक्षित!

हेल्पलाइन नंबर: 104/181 (टोल फ्री)

M.P. Madhyam/101067/R-45621/2021

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग मध्यप्रदेश

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।